हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 244, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 20 फरवरी, 2022 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## आज का दिन स्वच्छता अभियान को एक नई ताकत देने वाला है : मोदी

### प्रधानमंत्री ने किया इंदौर के गोबर-धन नामक बायो-सीएनजी प्लांट का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए इंदौर के गोबर-धन नामक बायो-सीएनजी प्लांट का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि, आज का दिन स्वच्छता के लिए इंदौर के अभियान को एक नई ताकत देने वाला है। इंदौर को आज गीले कचरे से बायो गैस बनाने का जो प्लांट मिला है, उसके लिए मैं आप सभी को बहुत बहुत बधाई देता हूं। पीएम ने कहा, मुझे खुशी है कि आने वाले दो वर्षों में देश के 75 बड़े नगर निकायों में इस प्रकार के गोबरधन बायो CNG प्लांट बनाने पर काम किया जा रहा है। ये अभियान भारत के शहरों को स्वच्छ बनाने, प्रदूषण रहित बनाने, स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बहुत मदद करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, यह पहल देश के शहरों को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त बनाने और उन्हें स्वच्छ ऊर्जा की ओर ले जाने में मदद करेगी। आज की पहल बहुत महत्वपूर्ण है। शहर में घरों से निकला गीला कचरा हो, गांव में पशुओं-खेतों से मिला कचरा हो, ये सब एक तरह से गोबरधन ही है। शहर के कचरे और पशुधन से गोबरधन, फिर गोबरधन से स्वच्छ



ईंधन, फिर स्वच्छ ईंधन से ऊर्जाधन, ये श्रंखला, जीवनधन का निर्माण करती है। पीएम मोदी ने कहा, देशभर के शहरों में लाखों टन कूड़ा, दशकों से ऐसी ही हजारों एकड़ जमीन घेरे हुए है। ये शहरों के लिए वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण से होने वाली बीमारियों की भी बड़ी वजह है। इसलिए स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में इस समस्या से निपटने के लिए काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज इंदौर का नाम आते ही मन में आता है स्वच्छता, मन में आता है नागरिक कर्तव्य। जितने अच्छे इंदौर के लोग होते हैं, उतना ही अच्छा उन्होंने इंदौर को भी बना दिया है। उन्होंने कहा, हमने इस बजट में पराली से जुड़ा एक अहम फैसला किया है। ये तय किया गया है कि कोयले से चलने वाले बिजली कारखानों में पराली का भी उपयोग किया जाएगा। इससे किसान की परेशानी तो दूर होगी ही, खेती के कचरे से किसान को अतिरिक्त आय भी मिलेगी। इससे पहले कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, आज हम सब के लिए गर्व का विषय है। आजादी के अमृत महोत्सव के इस काल में प्रधानमंत्री मोदी ने देश को शक्तिशाली बनाने के साथ-साथ दुनिया को सुरक्षा और स्वच्छता की दिशा भी दिखाई है।

## जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेरबाक से मिले एस जयशंकर

नई दिल्ली। जर्मनी के साथ अपने रिश्ते सुधारने के लिए भारत एक नई कोशिश कर रहा है। इसी के मद्देनजर जर्मनी दौरे पर गए विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेरबाक से आज मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने जलवायु परिवर्तन और एसडीजी, द्विपक्षीय और वैश्विक स्तर पर जर्मनी की विदेश मंत्री से बात की। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्होंने अफगानिस्तान, इंडो पैसिफिक और यूक्रेन संकट पर भी चर्चा की। बता दें कि विदेश मंत्री जयशंकर अपने छह दिवसीय जर्मनी व फ्रांस दौरे पर हैं। वह 23 फरवरी तक विदेश यात्रा पर रहेंगे और कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। जर्मनी में वह म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं।

## राष्ट्रपति कोविंद आज से ओडिशा और आंध्र प्रदेश के चार दिवसीय दौरे पर होंगे

नई दिल्ली। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद आज ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रपति 19 से 22 फरवरी तक यहां अपने चार दिवसीय दौरे पर होंगे। यह जानकारी राष्ट्रपति भवन द्वारा शुक्रवार को दी गई, जिसमें बताया गया कि राष्ट्रपति 20 फरवरी को पुरी में होंगे, जहां पर वह गौड़ीय मठ और मिशन के संस्थापक श्रीमद् भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद की 150वीं जयंती के



तीन साल लंबे समारोह का उद्घाटन करेंगे। ओडिशा और आंध्र प्रदेश की राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की चार दिवसीय यात्रा बेहद खास होने वाली है। राष्ट्रपति 20 फरवरी को श्रीमद् भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद की 150वीं जयंती के समारोह का उद्घाटन करेंगे, तो वहीं 21 फरवरी को राष्ट्रपति विशाखापत्तनम में फ्लीट रिव्यू और फ्लाईपास्ट देखेंगे। राष्ट्रपति सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में 'राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा' के हिस्से के रूप में अपने कार्यकाल में एक बार भारतीय नौसेना बेड़े की समीक्षा करते हैं।

## मुंबई में होगी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की 140वीं बैठक, 40 साल बाद भारत को मिली मेजबानी

बीजिंग। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की 140वीं बैठक का आयोजन मुंबई में होगा। शनिवार के दिन बीजिंग में हुई ओलंपिक समिति की 139वीं बैठक के दौरान भारत ने अगली बैठक की मेजबानी का आधिकार हासिल किया। इस दौरान किसी भी देश ने भारत का विरोध नहीं किया। अब 2023 में भारत दूसरी बार ओलंपिक समिति की बैठक की मेजबानी करेगा, जबकि मुंबई में पहली बार यह बैठक होगी। इससे पहले 1983 में दिल्ली में इस बैठक का आयोजन हुआ था। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की 139वीं बैठक में भारत की तरफ से अभिनव बिंद्रा, नरिंदर बात्रा और नीता अंबानी शामिल हुई थीं। अभिनव भारत के पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने ओलंपिक में एकल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं बात्रा भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं, जबकि नीता अंबानी भारतीय ओलंपिक समिति की सदस्य हैं। बैठक में भारत के खेल और युवा मंत्री अनुराग ठाकुर भी शामिल हुए थे। ओलंपिक समिति की बैठक का आयोजन 2023 की गर्मियों में मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगा। आईओसी की सालाना बैठक में सभी सदस्य शामिल होते हैं। यह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सबसे बड़ी बैठक होती



है और इसमें लिए जाने वाले निर्णय सर्वमान्य होते हैं। आमतौर पर आईओसी की बैठक साल में एक बार आयोजित होती है, जबकि जरूरत पड़ने पर समिति का अध्यक्ष कम से कम एक तिहाई सदस्यों को लिखित निमंत्रण देकर बैठक बुला सकता है। आईओसी में कुल 101 सदस्य हैं, जिनके पास मतदान का अधिकार है। इसके अलावा 45 माननीय और एक सम्मानित सदस्य हैं, जिनके पास मतदान का अधिकार नहीं है। ओलंपिक समिति में 50 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खेल संघ के अध्यक्ष और सचिव भी शामिल हैं। ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलंपिक के सदस्य भी इस बैठक में शामिल होते हैं।

**नीता अंबानी ने जताई खुशी**- भारत को ओलंपिक समिति की बैठक की मेजबानी मिलने पर नीता अंबानी ने कहा "40 साल बाद भारत में ओलंपिक अभियान की वापसी हुई है। ओलंपिक समिति की बैठक की मेजबानी देने के लिए मैं अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की आभारी हूं। भारत की ओलंपिक से जुड़ी उम्मीदों के लिए यह बहुत अहम है। इससे भारत में खेलों का नया दौर शुरू होगा। खेल हमेशा से दुनियाभर में उम्मीद और प्रेरणा का स्त्रोत रहे हैं। हम दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक हैं। और आज मैं भारत के युवाओं के ओलंपिक से जुड़े अनुभव को लेकर उत्साहित हूं। हमारा सपना है कि यह साझेदारी और भविष्य में और बेहतर हो और आने वाले समय में भारत ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर सके।"

## अच्छा काम करने वालों को कहा जा रहा है आतंकवादीः अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को 12430 क्लासरूम का उद्घाटन किया । रजोकरी सरकारी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा कि ये क्लासरूम 250 क्षेत्र में जो काम कर रही है ऐसे काम देश का कोई भी राज्य नहीं कर सका है। दिल्ली सरकार के जनता के लिए पूरी तरह से समर्पित है। दिल्ली सरकार बाबा साहेब और भगतसिंह का सपना पूरा कर



स्कूलों के बराबर हैं। पिछले सात साल में 20 हजार क्लासरूम बने हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अध्ययन किया है तो पाया है कि पूरे देश में सात साल में सभी राज्य सरकारों ने मिलाकर भी इतने क्लासरूम नही बने हैं। दिल्ली सरकार शिक्षा के रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एलान किया अगर देश की कोई भी सरकार दिल्ली सरकार की तरह अच्छी शिक्षा करना चाहती है तो मनीष सिसोदिया को उनके यहां कुछ दिन के लिए भेज देंगे, स्वास्थ्य में सुधार करना चाहती है तो हम सत्येंद्र जैन को भेज देंगे। दिल्ली में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अलग अंदाज में काम किया जा रहा है। देश के तमाम राज्य आज दिल्ली का अनुसरण करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हम पिछले कुछ दिन से देख रहे हैं कि देश के बड़े बड़े नेता हमें आतंकवादी कह रहे हैं। इन नेताओं को सबसे अधिक डर स्कूलों से लगता है। हम स्कूल अच्छे कर रहे हैं इससे ये लोग डर रहे हैं। ये लोग मुझे आतंकवादी कह रहे हैं। बड़े नेता केजरीवाल को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली व अन्य राज्यों की जनता जानती है कि हकीकत क्या है। दिल्ली सरकार ने पिछले सात साल में ऐसे काम किए हैं, जो आज तक कोई भी सरकार नहीं कर सकी है। केजरीवाल ने भगतसिंह ने एक नारा दिया था इंकलाब जिंदाबाद, हमारा नारा है, इंकलाब जिंदाबाद,शिक्षा क्रांति जिंदाबाद।

## यूक्रेन पर हमले की पोजिशन में 40 फीसदी रूसी सेना तैनात, किसी भी बहाने हो सकता है आक्रमण

वाशिंगटन। यूक्रेन को लेकर रूस का रुख दुनिया के लिए अभी भी अस्पष्ट है। रूस कब, कैसे और कौन सी चाल चलेगा, यह सिर्फ उनके राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को ही पता है। दरअसल, हाल ही में रूस ने एक वीडियो जारी कर कहा था कि क्रीमिया से वह अपन सैन्य अभ्यास को समाप्त कर रहा है। उसने यूक्रेन सीमा से सैनिकों की वापसी की वीडियो भी जारी की थी, लेकिन अब अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने एक खुलासा कर सभी को चौंका दिया है। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि यूक्रेन की सीमा पर अभी भी 40 प्रतिशत रूसी सैनिक हमले की स्थिति में तैनात हैं। नाम न छापने की शर्त पर अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने बताया कि पिछले 48 घंटे में यूक्रेन की सीमा पर सामरिक सैन्य जमावड़ा किया गया है। रक्षा अधिकारी के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन की सीमा पर 125 बटालियन सामरिक समूहों का जमावड़ा किया है। यह सभी बटालियन हमले की पोजिशन में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य समय में यह जमावड़ा 60 बटालियन का होता है, लेकिन फरवरी की शुरूआत में यह 80 बटालियन हो गया, वहीं पिछले 48 घंटे में इसे 125 कर दिया गया है। इस तनातनी के बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा



है कि, रूस कभी भी यूक्रेन पर हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमले के लिए रूस किसी भी क्षेत्र में किसी घटना के जरिए यूक्रेन को उकसा सकता है। उन्होंने कहा कि व्लादिमिर पुतिन के पास कई विकल्प मौजूद हैं और वह बहुत जल्द हमला कर सकते हैं। यूक्रेन की रक्षा खुफिया एजेंसी डीआईयू ने ट्वीट करके रूस पर निशाना साधा है।

## पंजाब चुनाव के लिए मतदान से पहले डेरा सच्चा सौदा ने खोले पत्ते

बठिंडा। पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर डेरा सच्चा सौदा ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। पिछले कई दिनों से डेरे ने राजनीतिक दलों के नेताओं की सांसें थाम रखी थी। हालांकि डेरा अपने निर्णय को लेकर अभी भी खुलकर नहीं बता रहा। इसे गुप्त रखा जा रहा है। डेरा प्रेमियों को जुबानी संदेश पहुंचाया जा रहा है। डेरा सूत्रों के मुताबिक इस बार डेरा सच्चा सौदा किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट समर्थन नहीं देगा, बल्कि विधानसभा क्षेत्रवार प्रत्याशियों के समर्थन का फैसला किया गया है।

डेरे के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार डेरे ने इस बार भाजपा, शिरोमणि अकाली दल व आम आदमी पार्टी तीनों को ही समर्थन देने का फैसला किया है, लेकिन यह विधानसभा हलकों के अनुसार रहेगा कि किस उम्मीदवार या पार्टी ने किस जगह से डेरे को सपोर्ट किया है। सूत्र बताते हैं कि बठिंडा जिले के मौड़ विधानसभा क्षेत्र से



भाजपा के प्रत्याशी दयाल दास सोढ़ी को समर्थन दिया गया है, जबकि बठिंडा शहरी विधानसभा हलके से आम आदमी पार्टी को सपोर्ट करने को कहा गया है। बठिंडा देहाती से अकाली दल के प्रत्याशी प्रकाश सिंह भट्टी को समर्थन किया गया है, जबकि बुढलाडा विधानसभा हलका से आम आदमी पार्टी के बुध राम को समर्थन दिया जाएगा। सरदूलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से शिअद के प्रत्याशी दिलराज सिंह भूंदड़ को समर्थन देने का एलान किया गया है। बता दें, पंजाब में डेरा चुनावों में अहम रोल अदा करता है। इन दिनों डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम फरलो पर बाहर आया हुआ था। राज्य में कई ऐसी सीटें हैं जहां डेरा समर्थक निर्णायक की भूमिका में होते हैं। खासकर मालवा में तो डेरे का बड़ा वोट बैंक है। इसके अलावा डेरा हरियाणा व दिल्ली के चुनावों में भी अहम भूमिका निभाता है। इस बार डेरे ने एक दल को समर्थन देकर सभी को राहत दी है।

## शोपियां मुठभेड़ में दो जवान शहीद, एक दहशतगर्द मार गिराया, इलाके में बड़े पैमाने पर चल रहा तलाशी अभियान

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के शोपियां में शनिवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए हैं, जबकि एक आतंकी मारा गया है। फिलहाल इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। कश्मीर जोन पुलिस के अधिकारी ने बताया कि जैनापोरा इलाके में आतंकियों के मौजूद होने की जानकारी मिली। इसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर भारी फायरिंग कर दी। जबावी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है। मुठभेड़ में सेना के दो जवान भी शहीद हो गए हैं। फिलहाल सेना ने अभी उनके नाम का खुलासा नहीं किया है। अभी भी इलाके में तलाशी अभियान जारी है। इससे पहले शुक्रवार को शहर के नौहट्टा इलाके के ख्वाजा बाजार में आतंकियों ने नापाक हरकत करते हुए ग्रेनेड हमला किया। हमले में एक पुलिसकर्मी जख्मी हो गया। सड़क पर फेंके गए ग्रेनेड के धमाके से आसपास की तीन दुकानों के शीशे टूट गए और एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हुआ है। हमले के तुरंत बाद पुलिस और सुरक्षाबलों ने हमलावरों की तलाश में संयुक्त अभियान चलाया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ख्वाजा बाजार इलाके में आतंकियों ने वहां तैनात पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों को निशाना बनाते हुए ग्रेनेड हमला किया। चश्मदीदों के अनुसार यह ग्रेनेड बीच सड़क पर फटा, धमाके से आसपास की दुकानों के शीशे टूट गए। ऑटो स्टैंड पर खड़ा एक ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस हमले में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी घायल हुआ, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले भर्ती करवाया गया। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने हमले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गोंडा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले-पहले दो चरण के मतदान ने जता दिया कि भाजपा का ही परचम

गोंडा। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोंडा के कर्नलगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा में बड़ी घोषणा की है। राजनाथ सिंह ने यहां के परसपुर में महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय में जनसभा को संबोधित किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश के साथ चार अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत मिल रही है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी को पोल विश्लेषकों और सर्वेक्षण एजेंसियों के आंकलन के अनुसार उत्तर प्रदेश के चुनाव के पहले दो चरणों में भाजपा को कमोबेश उतनी ही सीटें मिल रही हैं जितनी पिछले विधानसभा चुनाव में जीती थी। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वो करती है। देश को पीएम नरेन्द्र मोदी और प्रदेश को सीएम योगी आदित्यनाथ बखूबी चला रहे हैं। अब लोगों को लगने लगा है कि भारतीय जनता पार्टी का ही शासन सर्वश्रेष्ठ होता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस दौरान भाजपा तथा कांग्रेस की सरकारों के कार्यकाल का भी अंतर सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कहा कि नरेन्द्र मोदी के भारत के पीएम बनने के बाद चीन और पाकिस्तान दोस्त बन गए। कांग्रेस के नेता ने शायद प्राचीन भारत के इतिहास का अध्ययन नहीं किया है, उन्हें कम से कम



आधुनिक भारत के इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। राजनाथ सिंह ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू प्रधान मंत्री थे जब पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी के अवैध कब्जे वाले क्षेत्र को चीन को सौंप दिया था। जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में काराकोरम राजमार्ग बनाया गया था तब इंदिरा गांधी प्रधान मंत्री थीं। चीन पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सीपीईसी) पर निर्माण शुरू होने के समय मोदी जी नहीं, मनमोहन सिंह प्रधान मंत्री थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को संसद में यह कहते हुए देखकर दुख होता है कि (गलवान) संघर्ष में बड़ी संख्या में भारतीय सैनिक और केवल तीन-चार चीनी सैनिक मारे गए। रक्षा मंत्री होने के बावजूद मैंने जवाब नहीं दिया क्योंकि पीएम ने कहा कि लोगों को बोलने दो, लेकिन हम हकीकत जानते हैं। संसद में राहुल गांधी के यह बयान देने के तुरंत बाद, ऑस्ट्रेलिया के एक खोजी पत्रकार ने बताया कि गलवान झड़प में 38-50 चीनी सैनिक मारे गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज दूसरे देश भारत की तरफ देख रहे है। वैश्विक मंच पर देश की चर्चा होती है। इसी कारण कहता हूं कि देश के मान सम्मान स्वाभिमान के साथ राजनीति नहीं करनी चाहिए। आपने समाजवादी, बहुजन समाजवादी पार्टी व भाजपा का शासन भी देखा है। प्रदेश में 84 योगासन है। 83 योगासन पर प्रदेश में काम हो रहा है। एक विपक्ष के लिए छोड़ दिया गया है।

## अब चुनावों में राजनीतिक पार्टियों के फ्री के वादों पर लगेगी लगाम, सुप्रीम कोर्ट कर सकता है जवाबदेही तय

नई दिल्ली। देश की राजनीतिक पार्टियों द्वारा किए जाने वाले हवा-हवाई और फ्री के वादों पर जल्द लगाम लग सकती है। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। याचिका में केंद्र और भारत के चुनाव आयोग ( ईसीआई ) को राजनीतिक दलों को विनियमित करने और उन्हें जवाबदेह बनाने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है। बता दें कि वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपने वकील अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से यह याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग से चुनाव चिन्ह को जब्त करने और चुनावी घोषणापत्र में किए गए अपने आवश्यक तर्कसंगत वादों को पूरा करने में विफल रहने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने का निर्देश देने की भी मांग की है। गौरतलब है कि अपनी याचिका में अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अदालत से यह निर्देश देने का आग्रह किया है कि यदि राजनीतिक दल निर्वाचित हो जाता है तो चुनाव घोषणापत्र को एक विजन दस्तावेज बनाया जाए और राजनीतिक दल के इरादों, उद्देश्यों और विचारों की एक प्रकाशित घोषणा माना जाए। अश्विनी कुमार ने कानून और न्याय मंत्रालय को पंजीकृत और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कामकाज को विनियमित करने और उन्हें आवश्यक तर्कसंगत घोषणापत्र वादों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की है। याचिका में कहा गया है कि लोकतंत्र का आधार निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया है। अगर चुनावी प्रक्रिया की अखंडता से समझौता किया जाता है तो प्रतिनिधित्व की धारणा खत्म हो जाती है। अश्विनी कुमार ने याचिका में कहा है कि राजनीतिक दल तर्कहीन मुफ्त का वादा कर रहे हैं लेकिन आवश्यक वादे पूरे नहीं कर रहे हैं जो लोकतंत्र के लिए खतरा हो सकता है।

## चिंतन मनन

# युवा पीढ़ी में बदलाव

पिछले दो दशक से युवा पीढ़ी में बदलाव को लेकर भारत में लगातार संवाद हो रहा है। कई लोग इस पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी से समझदार बताते, तो कई उच्छृंखल कहते हैं। देश के तमाम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दल इन पर दांव खेलते हैं, तो सभी राष्ट्रीय-बहुराष्ट्रीय व्यावसायिक, औद्योगिक, व्यापारिक घराने इसी पीढ़ी को केंद्र में रख कर अपना भविष्य चमकाने की योजनाएं बना रहे हैं। बैंगन का भर्ता, चोखा, चूरमा, मोमोज बनाने वाले, ठेले वाले से लेकर आलू की चिप्स बनाने वाली कंपनियों तक, गूगल, धर्म-अध्यात्म का व्यवसाय करने वालों तक का ध्येय युवाओं को लुभाना है। एक अध्ययन के मुताबिक, पिछले तीन-चार वर्षों में भारत के युवाओं में सहभाजन अर्थशास्त्र (शेयरिंग इकॉनोमी) का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। युवक "ब्ला-ब्ला" जैसे स्रोतों से गाड़ियां शेयर कर रहे हैं। यह अलग बात है कि अधिकांश लड़के-लड़कियां कार यात्रा शेयर करना पसंद करते हैं। "ब्ला-ब्ला" से एक व्यक्ति ने अपनी भतीजी के जरिए शेयरिंग गाड़ी बुक की, जब कार के मालिक को पता चला कि बुक करने वाली लड़की नहीं, उसके चाचा उसमें जा रहे हैं, तो वे सज्जन अपनी गाड़ी लेकर अकेले जयपुर चले गए। वैसे यह पीढ़ी, जो रिश्तों को लेकर आवश्यकता से अधिक खुली है, इस मामले में भविष्य को भी खतरे में डाल रही है। बाजार का एक ही देवता है, वह है लाभ और केवल लाभ। आज व्यापारी किसी भी तरीके से धन कमाना चाहता है। इसलिए बाजार के खिलाड़ी समाज की परंपराएं और परिभाषाएं भी बदल रहे हैं। यही कारण है कि पहले फर्जी सर्वेक्षण होते हैं। फिर खरीदे हुए अर्थशास्त्रियों से अपने मनमाफिक परिभाषाओं पर बयान दिलवाए जाते हैं। फिर कई शिक्षकों, कॉलेजों को कमीशन देकर ऐसी किताबें पढ़वाई जाती हैं, जिनमें युवाओं को यह तक बताया जाता है कि बचत बुरी चीज है। 50 वर्ष से आदिम दुनिया तक के लोग बचत करते रहे हैं। चाणक्य ने आपात स्थिति के लिए बचत को गृहस्थी का मूल मंत्र बताया है। इन 50 सालों में "बचत" कैसे अप्रासंगिक हो गई। दूसरे, बचत के सिद्धांत से बाजार में कभी मंदी नहीं आती। व्यक्ति धन को बैंक में जमा करता है। जब पूंजी इकट्ठी हो जाती है, तो वह गहने, बच्चों की उच्च शिक्षा, मकान, विवाह पर खर्च करता है। कुछ खास अवसरों पर ज्यादा धन खर्च करता है। अंततः वह धन बाजार में ही पहुंचता है। बचत का धन बैंकों में जमा रहता है। बैंक में धन बेकार नहीं रहता है। बैंक उस धन को प्रतिदिन के हिसाब से स्वरोजगारियों, व्यापारियों और उद्यमियों को कर्ज देने में उपयोग करते हैं। इससे व्यवसाय बढ़ता है। बचत का धन बाजार में कभी भी मंदी के लिए उत्तरदायी नहीं रहता। धन बैंक के माध्यम से बाजार में मौद्रिक तरलता जारी रखता है। बाजार, कई अर्थशास्त्रियों, शिक्षाविदों और कॉलेजों का गठजोड़ युवाओं में विलासिता का भाव जगा कर सब कुछ खर्च डालने को बाजार में उतारने के लिए बहुत ही महीन स्तर पर कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2017 में हुए एक अध्ययन में कहा गया था कि भारत की वर्तमान पीढ़ी अपने पिताओं से अधिक सुखी व प्रसन्न रहेगी। आश्चर्य! शराब, सिगरेट, पिज्जा, बर्गर खाने वाली, पानी की भांति शीतल पेय डकार जाने वाली, दिन-रात स्मार्ट फोन पर उलझी रहने वाली, छोटी-छोटी बातों के लिए देश को कोसने, विदेश जाने की धमकी देने वाली पीढ़ी, जिसके सामने माता-पिता ने बागी होने के डर से समर्पण कर दिया है, कैसे खुश रहेगी?

# है बचाना गढ़!



चल रही कवायद ।
है बचाना गढ़ ।।
नारे और भाषण से ।
हैं रहे सब लड़ ।।
अंतिम दौर पहुंची ।
आगे की लड़ाई ।।
होकर के आश्वस्त ।
ले रहे अंगड़ाई ।।
मारेंगे हम बाजी ।
दावे बरकरार ।।
आस में हैं बैठे ।
और रहे ललकार ।।
रण ये हमारा ।
ले चुके संकल्प ।।
देना हमको मौका ।
हम ही हैं विकल्प ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वृक्षारोपण को बनाया जन-सामान्य की आदत

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को 19 फरवरी 2022 को प्रतिदिन पौध-रोपण करते हुए एक वर्ष पूर्ण हो रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अमरकंटक में 19 फरवरी 2021 नर्मदा जयंती पर प्रतिदिन पौध-रोपण का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवधि में 490 पौधे रोपे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट किया है कि - "पेड़ मनुष्यों को तो जीवन देते ही हैं, पशु-पक्षी, जीव-जन्तु, कीट-पतंगों को भी आश्रय और जीवन देते हैं। धरती आने वाली पीढ़ियों के रहने योग्य बनी रहे, इसलिए वृक्षारोपण जरूरी है। अगले साल भी वृक्षारोपण का यह अभियान जारी रहेगा।"

मुख्यमंत्री श्री चौहान जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों से पृथ्वी तथा आगामी पीढ़ियों को बचाने के लिए पौध-रोपण को सबसे सरल और सभी के द्वारा की जाने वाली गतिविधि मानते हैं। इस पुनीत कार्य में जन-जन के सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं और व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण-संरक्षण और स्वच्छता की गतिविधियों में योगदान देने वाले व्यक्तियों के साथ पौध-रोपण किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान जन-सामान्य को अपने परिजन की स्मृति में, परिवार के सदस्यों और मित्रों के जन्म-दिवस तथा अन्य शुभ अवसरों पर भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान भोपाल में हो, प्रदेश में कहीं प्रवास पर हों या प्रदेश के बाहर कहीं भी यात्रा में हों, उन्होंने प्रतिदिन पौधा अवश्य लगाया है। अमरकंटक से आरंभ किए गए पौध-रोपण अभियान में भोपाल के स्मार्ट उद्यान, मुख्यमंत्री निवास, मिंटो हॉल परिसर, सुशासन संस्थान, भदभदा विश्राम घाट, मंत्रालय परिसर, शौर्य स्मारक, सहित प्रदेश में होशंगाबाद, नसरुल्लागंज, जबलपुर, पचमढ़ी, इन्दौर, विदिशा, बोरी, पन्ना, बुरहानपुर, सतना, उज्जैन आदि स्थानों पर पौध-रोपण किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पश्चिम बंगाल के जगतबल्लवपुर, भरूच गुजरात स्थित मनन आश्रम, दिल्ली, मुम्बई, तमिलनाडु के गौड़ा देवी मंदिर परिसर, हरिहर आश्रम कनखल हरिद्वार, कम्पनी बाग वाराणसी, शिरडी धाम, नासिक और हैदराबाद के जियर स्वामी आश्रम में भी



पौध-रोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हरिद्वार प्रवास के दौरान स्वामी अवधेशानंद जी, स्वामी परमानंद गिरि जी तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के साथ पौध-रोपण किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पौध-रोपण में जन-जन को शामिल किया। नवम्बर माह में प्रदेश के स्थापना दिवस पर अपनी प्रस्तुति देने आए पार्श्व गायक श्री मोहित चौहान ने मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ पौधा लगाया। इसी क्रम में खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा के जन्म-दिवस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा श्री वी.डी. शर्मा द्वारा पौध-रोपण किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सामान्य व्यक्तियों को भी पौध-रोपण में शामिल किया। श्री खुशीलाल प्रजापति, श्री लखन प्रजापति, सुश्री शिवानी प्रजापति जैसे माटी शिल्पकार हों या फिर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में समय-सीमा में ऋण चुकाने वाले श्री अशोक राठौर, श्री वृंदावन चौरसिया और श्री इमाम खान या फिर नगर निगम के साथ कार्य कर रहे स्वच्छता मित्र या वृक्षारोपण के लिए अंकुर अभियान से जुड़े अंकुर मित्र हों, मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समाज के लिए बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करने वाले विभिन्न व्यक्तियों के साथ पौध-रोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यरत मन्नत सोशल वेलफेयर, गौ-शिल्प इंटरप्राइजेज, नटराज परफार्मिंग एंड वेलफेयर सोसायटी, वॉटर एड इंडिया, ऑस्क संस्थान, अवनी वेलफेयर सोसायटी, संगिनी संस्था, कबाड़ से जुगाड़ स्वच्छता टीम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय बोरवन क्लब, कचरा बीनने और प्लास्टिक प्रबंधन के कार्य में लगी सार्थक संस्था, गौ-ग्रास एक पहल संस्था, पैसेफिक ब्लू सोसायटी, पर्यावरण प्रेमी आवृत्ति संस्था, प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सक्रिय पर्व फाउंडेशन, आई क्लीन टीम, निर्माण परिवर्तन की ओर संस्था, केजीएन सोशल फाउंडेशन, ड्रीम भोपाल ग्रीन भोपाल, हेल्प बॉक्स फाउंडेशन, नर सेवा नारायण सेवा समिति, आर वन, आई.एन.सी संस्था और क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड के पदाधिकारियों के साथ पौध-रोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ 72 हजार की सदस्य संख्या वाली भोपाल सिटी लाइव संस्था, धर्मश्री फाउंडेशन, द लॉयन सिटी ग्रुप, बुक वाला संस्था, दिशांजलि सोसायटी, रक्त चाहिए पौधा लगाइए के उद्देश्य के साथ कार्य कर रही जीवन सार्थक फाउंडेशन, स्वेच्छा संस्था, कुंजल वेलफेयर सोसायटी, रिटर्न गिफ्ट टू मदर अर्थ संस्था, रोबिन हुड आर्मी, अपशिष्ट प्रबंधन और पौधों की सुरक्षा और नारियल अपशिष्ट की रिसाइक्लिंग में लगे स्क्वायर एलएलपी स्वैच्छिक संगठन, एंजल्स वेलफेयर सोसायटी, गौकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति, एक्सेल वेंचर सोसायटी, नवरचना संस्था, सामाजिक न्याय परिषद, दीपरेखा संस्था, टीम क्लीन एंड ग्रीन, बचपन संस्था, मुस्कान संस्था, एटमोस वेलफेयर सोसायटी, आवाज जन-कल्याण समिति, तृप्त सामाजिक सेवा संस्थान, द होप ऑफ चेंज संस्था तथा अटल बिहारी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के पदाधिकारियों ने भी पौध-रोपण किया। अन्नाशेष वेलफेयर सोसायटी, सेवा संकल्प युवा संगठन, पर्यावरण प्रेमी कुहू शर्मा एंड ग्रुप, शिव सोशियो कल्चरल सोसायटी, बंसल न्यूज, न्यूज नेशन, जी-न्यूज, सहर्ष वेलफेयर सोसायटी, मुस्कान सोशल वेलफेयर सोसायटी, प्रयास टीम, रक्षिता वेलफेयर सोसायटी, उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी भी पौध-रोपण अभियान में जुड़ी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लोगों को पौध-रोपण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ऐसे व्यक्तियों के साथ भी पौध-रोपण किया, जो समाज के लिए मिसाल हैं। इनमें इंदौर की यू-ट्यूबर कुमारी खनक हजेला, भील चित्रकार पद्मश्री सुश्री भूरी बाई, पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी, प्रख्यात अभिनेता राजीव वर्मा, प्रसिद्ध शायर मंजर भोपाली, ग्लोबल वार्मिंग के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए देश की सायकिल यात्रा पर निकले कर्नाटक के धनुष एम और हेमंत वायबी, नीति आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी, प्रसिद्ध पर्वतारोही सुश्री अंजना यादव, गौ-काष्ठ के उपयोग के प्रचार-प्रसार में लगे पर्यावरण वैज्ञानिक योगेंद्र सक्सेना, पर्यावरण संरक्षण और बेटियों के सशक्तीकरण के लिए काम कर रही सुश्री आशी चौहान और नरेश बग्गन तथा प्रदेश के पहले एवरेस्ट विजेता भगवान सिंह शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भारत रत्न स्वर कोकिला स्वर्गीय सुश्री लता मंगेशकर की स्मृति में 7 फरवरी को भोपाल की ख्यातिनाम संगीत विभूतियों के साथ पौध-रोपण किया। इसी प्रकार विश्व रेडियो दिवस 13 फरवरी को भोपाल में संचालित समस्त एफ.एम. रेडियो के रेडियो जॉकी के साथ पौध-रोपण किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा बच्चों में पौध-रोपण की प्रवृत्ति विकसित करने के उद्देश्य से बाल साहित्य सृजन के लिए समर्पित बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केन्द्र के सदस्यों के साथ भी पौध-रोपण किया गया।

# चट्टी चौराहों पर चुनावी चर्चा से गायब है गरीबी जैसे चुनौतीपूर्ण मुद्दे



स्वाधीनता उपरांत गरीबी भारत में एक प्रमुख चुनौती रही हैं जो कमोबेश आज भी एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इसलिए आमजनता को चट्टी चौराहों पर चुनावी चर्चा के दौरान जातिवादी समीकरणों की जोड़-तोड करने के बजाय गरीबी भूखमरी और कुपोषण जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं के कारण और निवारण पर बहस करना चाहिए। स्वाधीनता उपरांत केन्द्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों ने गरीबी जैसी समस्या से निजात पाने के लिए तमाम नीतियां बनाई परन्तु आज भी गरीबी भूखमरी और कुपोषण जैसी समस्याएं हमारे नीति निमार्ताओं के एक गम्भीर चुनौती बनी हुई है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सच्चे सनातनी और सच्चे वेदांती थे तथा विशुद्ध आध्यात्मिक प्रवृत्ति के राजनेता थें। परन्तु उन्होंने वैज्ञानिक और तार्किक दृष्टिकोण अपनाते हुए स्वीकार किया था कि-"गरीबी अभिशाप नहीं बल्कि मानव निर्मित षड्यंत्र है"। यह विचार प्रकट करते हुए महात्मा गांधी कल्याणकारी अर्थशास्त्रियों की परम्परा के प्रखर अर्थशास्त्री नजर आते हैं तथा एक जिम्मेदार और समाज के प्रति संवेदनशील राजनेता का परिचय देते हैं। समाज के प्रति संवेदनशील जिम्मेदार और ईमानदार बुद्धिजीवी, राजनेता और शासक कभी भी गरीबी को अभिशाप या आसमानी प्रकोप नहीं मान सकते हैं। गरीबी को अभिशाप मानना बुद्धिजीवी राजनेता और शासक-प्रशासक के लिए अपनी बौद्धिक, राजनैतिक , सामाजिक और शासकीय जिम्मेदारियों से मुंह मोडना हैं। विश्व के अधिकांश विकसित देशों ने दूरगामी और दूरदर्शितापूर्ण आर्थिक नीतियों के माध्यम से आम जनमानस को गरीबी और गुरूबत से बाहर निकालने का सफलतापूर्वक प्रयास किया है। ज्ञान विज्ञान के चमत्कार और आम जनमानस में उद्यमिता की चेतना विकसित कर आधुनिक काल में यूरोपीय देशों ने लोगों का जीवन स्तर उपर उठाने का प्रयास किया। विश्व के प्राचीन,अवार्चीन और आधुनिक समाज के आर्थिक विकास- क्रम का ऐतिहासिक विश्लेषण किया जाए तो स्पष्टतः परिलक्षित होता हैं कि- शासक वर्ग द्वारा उत्पादकों और श्रमजीवियों का शोषण गरीबी का अनिवार्य कारण रहा हैं। राजतंत्रीय शासन व्यवस्थाओं में कुलीन वर्ग और पुरोहित वर्ग जन साधारण का मनमाना शोषण करते रहे हैं। इन राजतंत्रीय शासन व्यवस्थाओं में शासक अपनी विलासिता के लिए जनता पर मनमाना कर थोपते रहते थे। इसके साथ पुरोहित भी भोली-भाली जनता को अशुभ और अमंगल से भयाक्रांत कर तथा स्वर्ग-नरक का खेल दिखाकर भरपूर शोषण करते रहे हैं । स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के नारों के साथ लडी गई फ्रांसीसी क्रान्ति में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता हैं कि- फ्रांस में आम जनमानस ने कुलीनो और पादरियों के शोषण से तंग आकर तीव्रता से संघर्ष किया। फ्रांसीसी क्रान्ति की तरह आम जनमानस का शोषण करने वाले शासकों से आजिज आकर रूस सहित अन्य देशो के जन साधारण वर्ग द्वारा सफल संघर्ष किया गया। इस तरह विश्व की अधिकांश शासन व्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से व्याप्त शोषण गरीबी के लिए स्पषट रूप से उत्तरदायी कारक रहा है। इसलिये प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अर्थव्यवस्था में सक्रिय शोषण के समस्त औजारों को भोथरा करके आम जनमानस को गरीबी से मुक्ति दिलाई जा सकती हैं। आज विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं सामंतवादी अर्थव्यवस्था से पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो चुकी हैं तथा शोषण के औजार भी बदलते दौर के लिहाज से बदल चुके हैं। बदलते दौर के लिहाज से शोषण के नये औजारों को चिन्हित करना और उन्हें समाप्त करना जनतांत्रिक सरकारों की अनिवार्य जिम्मेदारी है।

ज्ञान विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में जब अगणित आविष्कार होने लगे तो उद्योग धंधों का विकास होने लगा। उद्योग-धंधों के विकास के फलस्वरूप बाजारवादी अर्थतंत्र अस्तित्व में आया। बाजारवादी अर्थतंत्र में कालाबाजारी मुनाफाखोरी और जमाखोरी जैसे नये तरह के शोषण के औजारों का विकास हुआ तथा नये तरह के शोषकों का

**गरीबी अभिशाप नहीं बल्कि मानव निर्मित षड्यंत्र है- महात्मा गाँधी**

अभ्युदय हुआ। सरकार जब बाजार में अहस्तक्षेप की नीति का पालन करने लगती हैं तथा बाजार पर सरकार का नियंत्रण कमजोर हो जाता हैं तो जमाखोरी मुनाफाखोरी कालाबाजारी और मिलावटखोरी की प्रवृत्ति पूरी निर्लज्जता के साथ अपनी पराकाष्ठा पर होती हैं। जिसका स्वाभाविक परिणाम यह होता हैं कि- आवश्यक वस्तुएँ आम जनमानस की पहुँच से दूर होने लगती हैं तथा लोग गरीबी के दलदल में फंसते चले जाते हैं। अधिकांश विकासशील देश इन्हीं समस्याओं के निर्धनता के दुष्चक्र से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। मुंशी प्रेमचंद ने अपने विभिन्न नाटकों और कहानियों में ग्रामीण जन-जीवन में व्याप्त मुख्यतः तीन प्रकार के शोषण का उल्लेख किया है। मुंशी प्रेमचंद के अनुसार सामंतवाद, पुरोहितवाद और महाजनी व्यवस्था आम जनमानस के शोषण के सबसे सशक्त माध्यम थे। वर्तमान आधुनिक लोकतंत्र में भी चुने हुए जनप्रतिनिधियों में सामंतवादी चेतना गहरे रूप से व्याप्त है। जनता के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं में लूट-खसोट करके निर्वाचित जनप्रतिनिधि बेशुमार दौलत के मालिक होते जा रहे हैं। इसी तरह तरह धर्म के आधुनिक ठेकेदार आस्था निष्ठा और श्रद्धा का बाजार खडा करके खूब काली कमाई कर रहे हैं। इसी तरह महाजनी व्यवस्था की प्रवृत्तियाँ आज भी बाजारवादी अर्थतंत्र में अपनी पराकाष्ठा पर हैं। भूमंडलीकरण उदारीकरण और निजीकरण के नारों के साथ 1991 में जिस नई अर्थव्यवस्था का आगाज किया गया वह विशुद्ध प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा पर आधारित है। जिसमें अधिकतम मुनाफा प्राप्त करने के लिए मिलावट खोरी जमाखोरी को औजार बनाया गया। जमाखोरी बाजार की शक्तियों का एक ऐसा घिनौना षड्यंत्र है जिसके द्वारा बाजार में आवश्यक वस्तुओं के अभाव का शोर मचाया जाता हैं। इस कृत्रिम अभाव के शोर से आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगते हैं। स्वाभाविक रूप से आवश्यक वस्तुओं के क्षेत्र में बेतहाशा बढती मंहगाई निर्धन लोगों की संख्या में बढोतरी करने में सहायक है।

भारत में स्वाधीनता उपरांत कल्याणकारी अर्थव्यवस्था की झलक के साथ मिश्रित को अपनाया गया। कल्याणकारी अर्थव्यवस्था में आर्थिक संसाधनों का वितरण इस तरह से किया जाता हैं कि- अधिकतम लोगों की अधिकतम भलाई सुनिश्चित हो सके। स्वाधीनता उपरांत भारत में निर्धनता को दूर करने सुनियोजित तरीके से कोशिश की गई। भारतीय अर्थव्यवस्था का गम्भीरता से अवलोकन किया जाए तो ज्ञात होता है कि- भारत निर्धनो की सर्वाधिक संख्या भूमिहीन श्रमिको में पाई जाती है। भूमिहीन श्रमिको को गरीबी रेखा से बाहर निकालने के लिए भूमि सुधार कार्यक्रम चलाया गया। स्वाधीनता उपरांत बनने वाली भारत की संघीय सरकार ने एक झटके में जमींदारी रैयतवारी और महालवाडी जैसी व्यवस्थाओं को समाप्त कर दिया गया। पश्चिम बंगाल और केरल में भूमि सुधार के कार्यक्रमो द्वारा निर्धनता की समस्या को काफी हद तक दूर करने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त प्रख्यात गांधीवादी संत विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन के माध्यम से भूमिहीन मजदूरों को गरीबी रेखा से उपर उठाने का सार्थक प्रयास किया।

**मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता**
**बापू स्मारक इंटर कॉलेज दरगाह मऊ।**

# रंगमंच की दुनिया के बादशाह थे सुरेंद्र कौशिक!

रंगमंच के महान कलाकार एवं नाट्य निर्देशक सुरेंद्र कौशिक ने इब्राहिम अलकाजी की प्रेरणा से सन 1964 में मेरठ में मुक्ताकाश नाट्य संस्थान और थियेटर की स्थापना की थी। इस संस्थान से नाट्य प्रशिक्षण का दो वर्षीय नाट्य डिप्लोमा दिया जाता था। 15 अगस्त सन 1938 में जन्मे रंगकर्मी सुरेंद्र कौशिक ने मेरठ में ओपन थियेटर को स्थापित किया था। एमए तक की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली से नाट्य विधा में डिप्लोमा किया। उनके साथ कई फिल्म कलाकार भी छात्र रहे। मुक्ताकाश के कलाकार घूम घूम कर नाट्य का मंचन करते थे। मेरठ के कलाकारों के साथ मिलकर सुरेंद्र कौशिक ने एक प्रेक्षागृह भी बनवाया था। थियेटर को आगे बढ़ाने के लिए कई अन्य आडिटोरियम का भी निर्माण कराया था।सुरेंद्र कौशिक मेरठ के अलावा देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर नाटक का मंचन करते थे। पंच परमेश्वर के नाट्य रुपांतर से उन्होंने रिकार्ड बनाया। हर रविवार को मुक्ताकाश प्रेक्षागृह में नाटक का मंचन होता था। अलग अलग जगह पर उन्होंने 68 नाटक और 44 से अधिक एकांकी नाटकों का निर्देशन और प्रदर्शन किया। एक हजार से अधिक नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन भी किया था। वह एक बार फिर मेरठ में पंच परमेश्वर का मंचन करना चाहते थे, लेकिन महाप्रयाण के कारण उनकी यह हसरत अधूरी ही रह गई। बीती नौ फरवरी को उन्होंने अपनी शादी की 51 वीं सालगिरह भी मनाई थी। वह अपने पीछे पुत्र आकाशदीप कौशिक, बेटी मुक्ता और पत्नी इंदू कौशिक को छोड़ गए हैं। रंगकर्मी सुरेंद्र कौशिक की इच्छा के अनुसार उनके निधन के बाद उनकी दोनों आंखें दान कर दी गईं। मेरठ के सूरजकुंड में उनका अंतिम संस्कार किया गया।वे बताते थे कि रूढ़िवादी सोच के कारण नाटक व अभिनय को तब लोग अच्छा नहीं मानते थे।



अक्सर मंचन के दौरान लोग पत्थर भी फेंकते थे लेकिन वह डिगे नहीं। जुम्मन मियां के किरदार में उन्हें घर-घर पहचान दिलाई। सामाजिक जागरूकता के लिए उन्होंने 26 हजार नाटक का मंचन किया।रंगकर्मियों ने सुरेंद्र कौशिक के सूरजकुंड पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए। भारत भूषण शर्मा, विनोद कुमार बेचैन, अनिल शर्मा, हेमंत गोयल, जितेंद्र सी. राज, ओडी राजपूत, शोएब पठान समेत अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुंबई से अभिनेता मुकुल नाग, गिरीश थापर, दिनेश अहलावत, सुरेंद्र सागर, नीरज शर्मा, प्रोफेसर असलम जमशेदपुरी, प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहानी ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें नमन किया।सामाजिक कुरीतियों पर नाटकों के माध्यम से चाबुक चलाने के उद्देश्य से शुरू हुई इस नाट्य संस्था ने मेरठ के युवा कलाकारों की कला को एक मुक्त गगन दिया। जहां रंगकर्म में रुचि रखने वाले युवाओं को अभिनय की बारीकियां सीखने का अवसर मिला। साथ ही युवा रंगकर्मियों की प्रतिभा का नया मंच मिला। तब से संस्था लगातार मेरठ में सजीव रंगकर्म की ज्योति जलाए रहे। मुक्ताकाश नाट्य संस्था अब तक हजारों नाटको का मंचन कर चुकी है। सुरेंद्र कौशिक को सन 1988 में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी मिल चुका है। साथ ही किशोर कुमार कला सम्मान, रत्न अवार्ड, चतुरंग अवार्ड, फिदा हुसैन नरसी अवार्ड, अप्टा द्वारा नाट्य शिरोमणि लाइफ टाइम सम्मान 2012, संस्कार गौरव सम्मान, इप्टा द्वारा भीष्म साहनी सम्मान 2015 से सम्मानित हो चुके हैं। बिरजू महाराज के हाथों उन्हें मेरठ गौरव सम्मान भी मिल चुका है।उनके नाट्य संस्थान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को नाट्य कला, साहित्य व तकनीक के माध्यम से समाज के सामने लाना था। हर रविवार संस्था द्वारा नाटकों का मंचन होता था।

उनके द्वारा जिन नाटकों का मंचन हुआ,उनमे शहंशाह इडिपस, पंच परमेश्वर, कांचन रंग, मृच्छकीटकम, कंजूस, रजनी गंधा, ताजमहल का टेंडर, चरनदास चोर, बिच्छू, दीवार में एक खिड़की रहती थी, आषाढ़ का एक दिन, जलछवि, त्रिशंकु, आजादी की मशाल, हिंदुस्तान हमारा सहित सैकड़ों नाटकों शामिल है। पंच परमेश्वर नाटक का सबसे ज्यादा मंचन संस्था द्वारा किया गया है। इसके लिए संस्था को रुड़की आईआईटी द्वारा सम्मानित भी किया गया। साथ ही बेटी का ब्याह, नया सवेरा, सफल पत्नी आदि नाटकों का मंचन व नुक्कड़ नाटकों का मंचन भी संस्था कर चुकी है। नेशनल लॉ सर्विस अथॉरिटी द्वारा दिल्ली में महिला दिवस पर सम्मान दिया गया। संस्था ने स्वयं बाढ़ सहायता कोष व सांप्रदायिक दंगों के वक्त सौहार्द बनाए रखने के लिए भी नाटक मंचित किए। सुरेंद्र कौशिक अब हमारे बीच नही है,लेकिन उनकी नाट्य कला और तराशे गए शिष्यों का हुनर सफलता के रंग भरती रहेगी।

# बच्चे करेंगे एक्सरसाइज तो मिलेंगे यह जबरदस्त लाभ



**जब बच्चे हर दिन एक्सरसाइज करते हैं तो इससे वह अधिक एक्टिव बनते हैं। चूंकि पिछले लंबे समय से बच्चे घर पर ही हैं। तो ऐसे में वर्कआउट करने से उन्हें खुद को अधिक फिजिकल एक्टिव बनाए रखने में मदद मिलती है।**

आज के समय में सिर्फ बड़ों के लिए ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए भी हेल्दी रहना काफी मुश्किल होता जा रहा है। दरअसल, घर पर रहते हुए और फिजिकल एक्टिविटी के कम होने के कारण बच्चों को अब कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, अगर आप घर में रहते हुए भी बच्चों को हेल्दी रखना चाहते हैं तो ऐसे में उनके साथ मिलकर एक्सरसाइज करें। इससे उन्हें एक नहीं, बल्कि कई बेनिफिट्स मिलते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

**बनते हैं अधिक एक्टिव**

जब बच्चे हर दिन एक्सरसाइज करते हैं तो इससे वह अधिक एक्टिव बनते हैं। चूं-कि पिछले लंबे समय से बच्चे घर पर ही हैं। तो ऐसे में वर्कआउट करने से उन्हें खुद को अधिक फिजिकल एक्टिव बनाए रखने में मदद मिलती है।

**मिलती है अच्छी नींद**

इन दिनों बच्चे अपना अधिक टाइम स्क्रीन पर बिताने लगे हैं, जिससे उनकी आंखों व नींद की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। लेकिन जब बच्चे वर्कआउट करते हैं तो इससे उन्हें अच्छी नींद मिलने में भी मदद मिलती है।

**पढ़ाई में मिलता है लाभ**

यह भी वर्कआउट का एक बेनिफिट है। वर्कआउट के दौरान बच्चे योगा, प्रणायाम जैसी कई एक्टिविटीज करते हैं। इससे ना केवल उनका मन शांत होता है, बल्कि इससे उनकी एकाग्रता भी बढ़ती है। जिससे उन्हें पढ़ाई में भी लाभ मिलता है। वर्कआउट के जरिए ना केवल उनकी मेमोरी बूस्ट अप होती है, बल्कि चीजों को जल्दी याद करने और देर तक याद रखने में भी मदद मिलती है।

**बढ़ता है शरीर का लचीलापन**

जब बच्चे अपने पैरेंट्स के साथ मिलकर तरह-तरह के व्यायाम करते हैं तो इससे उनकी बॉडी अधिक फलैक्सिबल बनती है। इससे उनका बॉडी मूवमेंट बेहतर होता है। आज के समय में अधिकतर बच्चे मोटापा व अन्य कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान हैं। लेकिन अगर वह वर्कआउट को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हैं तो इससे उन्हें अपने बढ़ते वजन को कण्ट्रोल करने में मदद मिलती है और वह एक हेल्दी लाइफस्टाइल जी पाते हैं।

**अधिक अनुशासित जीवन**

बच्चों के लिए जीवन में अनुशासन का महत्व समझना बेहद आवश्यक है। इस लिहाज से भी वर्कआउट उनके लिए कहीं ना कहीं फायदेमंद होता है। जब वह नियमित रूप से वर्कआउट करते हैं तो वह अपने जीवन को अधिक अनुशासित तरीके से जीना शुरू करते हैं। जिसका लाभ उन्हें लम्बे समय तक मिलता है।

# गर्भावस्था में हो सकता है प्लेसेंटा प्रिविआ, जानिए इसका मतलब, कारण और इलाज!

**प्लेसेंटा प्रीविआ होने के कारण क्या हैं इसे लेकर निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता है। चिकित्सकों के अनुसार इसके होने के पीछ के कई कारण हो सकते हैं, इनमें से कोई भी एक इसका कारण हो सकता है।**

औरत होने का सबसे बड़ा सुख गर्भावस्था माना जाता है। इस स्थिति में हर महिला को अलग-अलग अनुभव होता है। आज के समय में जिस तरह से जीवनशैली में बदलाव हो रहे हैं उसका काफी हद तक गर्भावस्था पर भी प्रभाव पड़ रहा है। कई बार काम या कॅरियर बनाने के चलते दाम्पत्य फैमिली प्लेनिंग को टालते रहते हैं। वहीं, जब इसके बारे में प्लान करते हैं या प्रेग्नेंट होने की खुशी उन्हें नसीब होती है तो बहुत बार ये अपने साथ उम्र और लाइफस्टाइल से जुड़े कई कॉम्प्लिकेशन्स ले आती है, इनमें से एक प्लेसेंटा प्रिविआ भी है। इसके बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि प्रेगनेंसी में क्या होता है प्लेसेंटा प्रिविआ और इसे कैसे सही किया जा सकता है। आइए जानते हैं...

**क्या है प्लेसेंटा प्रिविआ**

प्रेगनेंसी के समय अगर गर्भनाल का विकास ऐसे होता है कि ये पूर्ण तौर पर या आंशिक तौर पर गर्भाशय ग्रीवा को ढकता है, तो ऐसी परिस्थिति को प्लेसेंटा प्रीविआ या लो-लाइंग प्लेसेंटा कहा जाता है। इससे प्रसव पीड़ा और प्रसव के समय मां और शिशु को खतरा होता है ऐसा इसलिए क्योंकि गर्भाशय ग्रीवा के खुलने की वजह से ये क्षतिग्रस्त हो सकती है। चिकित्सकों के अनुसार गर्भनाल वक्त से पूर्व गर्भाशय से अलग हो सकती है, ऐसे में मां को गंभीर तौर पर रक्तस्राव होता है जो शिशु को भी प्रभावित कर सकता है। इससे जन्म लेने वाले शिशु में कुछ विकार होने की संभावना होती है या फिर शिशु का जन्म वक्त से पहले हो सकता है या फिर जन्म के दौरान शिशु का वजन कम भी हो सकता है। प्लेसेंटा प्रीविआ की समस्या लगभग 200 में से एक महिला में देखी जाती है।

**यह हैं प्लेसेंटा प्रिविआ की तीन स्थितियां**

**- मार्जनल प्लेसेंटा प्रिविआ-** इसमें नाल आंतरिक ग्रीवा को खोलने वाले किनारे को ढ़क लेती है।

**- कंप्लीट प्लेसेंटा प्रिविआ-** इसमें आंतरिक ग्रीवा को खोलने वाला हिस्सा या कहें गर्भाशय का मुंह पूरी तरह नाल द्वारा ढ़क लिया जाता है।

**- पार्शियल प्लेसेंटा प्रिविआ-** इसमें आंतरिक ग्रीवा को खोलने वाला हिस्सा नाल द्वारा आंशिक रूप से ढ़क जाता है।

**इसके होने के कारण क्या-क्या हैं**

प्लेसेंटा प्रीविआ होने के कारण क्या हैं इसे लेकर निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता है। चिकित्सकों के अनुसार इसके होने के पीछ के कई कारण हो सकते हैं, इनमें से कोई भी एक इसका कारण हो सकता है।

- इस तरह की समस्या ज्यादातर महिला की उम्र पर भी निर्भर करती है। अगर प्रेग्नेंट महिला की आयु 30 साल या फिर उससे ज्यादा है तो प्लेसेंटा प्रिविआ की समस्या हो सकती है।

- धूम्रपान या शराब का सेवन करने वाली महिलाओं को भी ये समस्या होने की संभावना रहती है।

- पहले सीजेरियन ऑपरेशन हो चुके वाली प्रग्नेंट महिलाओं में भी इस तरह की समस्या देखी जा सकती है।

**प्लेसेंटा प्रिविआ का इलाज**

प्लेसेंटा प्रिविआ का इलाज कई बातों पर निर्भर करता है। जैसे- गर्भावस्था का समय, ब्लीडिंग की मात्रा, गर्भ की स्थिति, रक्तस्राव कम हो गया है या जारी है, प्लेसेंटा और भ्रूण की स्थिति आदि। चिकित्सकों के अनुसार इसके इलाज के लिए किसी तरह का कोई मेडिकल ट्रीटमेंट या फिर सर्जरी मौजूद नहीं है। हालांकि, इस दौरान होने वाली रक्तस्राव यानी ब्लीडिंग को रोकने के लिए कई तरीके हैं। जैसे-

- अगर कम कम ब्लीडिंग हो रही है तो ऐसी परिस्थिती में चिकत्सक आराम, शारीरिक संबंध और एक्सरसाइज आदि गतिविधि न करने की सलाह देते हैं।

- वहीं, अगर ज्यादा ब्लीडिंग होने पर खून चढ़ाने की नौबत आ सकती है। ऐसे में प्रेग्नेंसी के 36वें सप्ताह के बाद तुरंत डॉक्टर सिजेरियन डिलीवरी करवाने की सलाह देते हैं। इस दौरान अगर प्रेग्नेंसी के 37वें सप्ताह से पहले डिलीवरी करवानी पड़ती है तो नवजात का फेफड़ा सही तरह से विकसित नहीं होता है और फिर इसके लिए डॉक्टर कोर्टिकोस्टेरॉइड देते हैं।

- ब्लीडिंग न रुके या शिशु पर दबाव पड़ रहा हो तो ऐसे में डॉक्टर जल्द से जल्द सी-सेक्शन डिलीवरी की जरूरत पड़ती है यानी शिशु के प्रीमैच्योर होने पर भी डिलीवरी करनी पड़ सकती है।

**यह डॉक्टरी सलाह**

**- फुल बेड रेस्ट-** इस दौरान डॉक्टर द्वारा फुल बेड रेस्ट की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही पैरों के नीचे तकीए लगाने कर लेटे रहने या बैठने की सलाह दी जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि पहले से ही नीचे मौजूद प्लेसेंट पर कोई दबाव न पड़े और वो ऊपर की तरफ आ सके।

- ज्यादा ब्लीडिंग होने पर कई बार डॉक्टर प्रेग्नेंट महिला को हॉस्पिटलाइज भी कर सकते हैं। प्रेगनेंसी के दौरान ज्यादा ब्लीडिंग हो घातक साबित हो सकता है। ऐसी परिस्थिती में इससे जुड़ी दवाएं या इंजेक्शजन बढ़ सकती है।

- प्लेसेंटा प्रिविआ में देने जाने वाली दवाओं के कारण गर्भवती महिला की मॉर्निंग सिकनेस बढ सकती हैं। इसके अलाव मूड स्वींग होना, मन में बेचैनी, ज्यादा नींद आना, उदासी, जी मिचलाना जैसी परेशानी भी हो सकती है। इसमें डॉक्टर ज्दादा से ज्यादा रेस्ट करने के लिए कहते हैं।

- प्लेसेंटा प्रिविआ के दौरान आराम ज्यादा करने की सलाह दी जाती है। ज्यादा बैठने या चलने-फिरने के लिए मना किया जाता है। हालांकि, ये प्लेसेंटा की स्थिति पर भी निर्भर करता है जिसके बाद ही डॉक्टर इस तरह की सलाह देते हैं।

- प्लेसेंटा प्रिविआ के दौरान वजनदार सामान उठाने या एक जगह से दूसरी जगह भी सरकाने के लिए मना किया जाता है।

**क्या प्लेसेंटा प्रीविआ के कारण दर्द होता है?**

प्लेसेंटा प्रीविआ के कारण गर्भावस्था के समय आमतौर पर किसी तरह का कोई दर्द नहीं होता है। हालांकि, अगर प्रेग्नेंट महिला को कोई असुविधा का अनुभव हो तो उन्हें इसे लेकर एक बार डॉक्टर से जरूर सलाह लेनी चाहिए।



# बढ़ती ठंड में हड्डी और जोड़ों में दर्द की शिकायत हो तो चिकित्सक की सलाह पर कीजिए ये उपाय

**चिकित्सकों के मुताबिक, ठंड के मौसम में खासकर वृद्धों में हड्डी संबंधी बीमारियां बढ़ गई हैं। उनके जोड़ों का दर्द उनकी परेशानियों का सबब बन गया है। पर्याप्त मात्रा में विटामिन-डी नहीं मिलने से इस तरह की बीमारियों का प्रकोप बढ़ता है।**

सर्दी के मौसम में कई तरह के संक्रमण के साथ हड्डियों व उनके जोड़ों में दर्द की समस्याएं भी अचानक बढ़ जाती हैं। खासतौर पर उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में यह दिक्कत आम हो जाती है। जैसे-जैसे कंपकंपाने वाली ठंड बढ़ती है, वैसे-वैसे लोगों में जोड़ों के दर्द की परेशानियां भी बढ़ने लगती है। चूंकि ठंड के मौसम में लोग शारीरिक काम गर्मियों के मुकाबले कम करते हैं। इसलिए उनकी हड्डी अकड़ने के साथ कमजोर हो जाती है। ऐसे में विटामिन-डी हड्डियों की सेहत के लिए लाभदायक हो सकता है।

चिकित्सकों के मुताबिक, ठंड के मौसम में खासकर वृद्धों में हड्डी संबंधी बीमारियां बढ़ गई हैं। उनके जोड़ों का दर्द उनकी परेशानियों का सबब बन गया है। पर्याप्त मात्रा में विटामिन-डी नहीं मिलने से इस तरह की बीमारियों का प्रकोप बढ़ता है। वहीं, ठंड में बच्चों में रिकेट नामक व वयस्कों में ओस्टोमलेशिया नामक बीमारी बढ़ती है। भीषण ठंड में घुटने, कमर, पीठ व शरीर के अन्य हिस्सों में दर्द की शिकायत बढ़ जाती है। हालांकि, कतिपय असावधानी के कारण दर्द पर नियंत्रण नहीं हो पाता है। सर्दियों में हड्डी रोगों की दिक्कतें ज्यादा हो जाती है। इसलिए ऐसे रोगियों को समय पर दवाई लेने और व्यायाम के साथ-साथ धूप सेंकने की सलाह दी जा रही है।

ठंड में मांस-पेशियों में ऐंठन और कुछ सख्ती आ जाती है, जिसका असर जोड़ों पर पड़ता है। इस सम्बन्ध में डॉ अमित शर्मा, वरिष्ठ हड्डी, जोड़ रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ ने बताया कि हालांकि वैज्ञानिक तौर पर कोई एक कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है जिसको जोड़ और हड्डी की दर्द का कारण माना जा सके, लेकिन कुछ



कारण जो अनुसंधानों में सामने आए हैं वो इस प्रकार हैं- पहला, ठंड में मांस-पेशियों में ऐंठन और कुछ सख्ती आ जाती है, जिसका असर जोड़ों पर पड़ता है। दूसरा, ठण्ड की वजह से जोड़ों में रक्त का प्रवाह भी धीमा पड़ जाता है, जो हड्डियों का दर्द बढ़ने की वजह बनता है। तीसरा, सर्दियों में हमारे शरीर को धूप कम मिल पाती है जिससे हमारे शरीर में विटामिन-डी की कमी हो जाती है। इससे भी जोड़ों में दर्द और हड्डियों में अकड़न आ सकती है। चतुर्थ, सर्दियों में एक और समस्या रहती है कि हम एक ही जगह पर ज्यादा देर तक बैठे रहते हैं और धूमना फिरना भी कम हो जाता है, ऐसे में दर्द की समस्या बढ़ जाती है।

वहीं, इस बारे में डॉ देवेंद्र दवे, वरिष्ठ हड्डी, जोड़ रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ पूछे जाने पर बताते हैं कि ठण्ड के दिनों में मांशपेशियों, हड्डी एवं जोड़ों के दर्द से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप व्यायाम जरूर करें, सैर जारी रखे। यदि ठण्ड ज्यादा हो तो घर के अंदर ही व्यायाम करें और एक ही जगह लम्बे समय तक बैठे रहने से बचें और थोड़ी थोड़ी देर में हल्का व्यायाम या स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें। इसके अलावा, ज्यादा वसायुक्त और मीठा खाने से परहेज करें अन्यथा यह वजन बढ़ा सकता है और बढ़े हुए वजन से जोड़ों पर अधिक दबाव बनेगा। इसलिए जरूरी है कि खाने में एंटीऑक्सीडेंट युक्त चीजें खाएं एवं सुबह की धूप लेने की कोशिश करें। घर में उचित तापमान रखें, वूलेन एवं वार्मर पहनें।

आमतौर पर भीषण ठंड में हड्डी और जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ी है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं में ये समस्याएं अधिक देखने को मिल रही हैं। सामान्य अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों की ओपीडी में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। एक आकलन के मुताबिक, पहले जहां 50 मरीज रोजाना आते थे, वहीं इन दिनों में इनकी संख्या बढ़कर 100 या उससे भी अधिक हो चुकी हैं। इस वजह से एक्सरे कराने के लिए भी लंबी कतारें लगने लगी हैं।

हड्डी रोग विशेषज्ञ बताते हैं कि ठंड में जोड़ों का दर्द किसी को भी अपनी चपेट में ले सकता है। हालांकि, जिनकी हड्डियां थोड़ी कमजोर होती हैं, उनको ये अधिक ही प्रभावित करती हैं। इसलिए बदलते मौसम में भीषण ठंड का जोड़ों के दर्द से गहरा संबंध है, जिसे समझने की जरूरत है। दरअसल, तापमान में कमी के कारण नसें सिकुड़ने लगती हैं और विटामिन डी की कमी के कारण हड्डियों और जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है।

देखा जा रहा है कि इन दिनों ओपीडी में ज्यादातर मरीज दर्द की शिकायत के साथ आ रहे हैं। सामान्यतया ऐसे लोगों को दवा तो दी ही जाती है और बचाव के तरीके से भी अवगत कराया जाता है। बिना चिकित्सक की सलाह के किसी भी तरह की एक्सरसाइज या योग न करने की सलाह दी जाती है। इससे समस्या और अधिक बढ़ सकती है। दर्द की स्थिति में बिना चिकित्सक की सलाह के कोई भी पेन किलर या अन्य दवा का सेवन न करें।

यदि किसी व्यक्ति को चलने, खड़े होने, हिलने-डुलने और आराम करते समय भी दर्द महसूस हो, तो उसे सावधान हो जाना चाहिए। सूजन होना, चलने पर जोड़ों का लॉक हो जाना और जोड़ों में कड़ापन भी इन दिनों आम बात होती जा रही है। इसलिए बचाव के लिए ज्यादातर शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें, शरीर को गर्म रखने की कोशिश करें, ज्यादा प्रोटीन वाला खाना खाएं और मछली, मीट, अंडे, मूंगफली के अलावा ज्यादा पानी पीएं। ऐसे में धूप सेंकने से भी काफी राहत मिलती है। वहीं, योग से सर्वाइकल की समस्या को दूर करने की सलाह दी जाती है। हां, दर्द से बचने के लिए रोजाना सैर जरूर करनी चाहिए। सुबह या शाम के समय हल्की धूप में बैठना फायदेमंद होता है।

बताया जाता है कि मरीज की स्किन जब सूरज की किरणों के संपर्क में आती है, तो हमारा शरीर विटामिन-डी बनाता है, जिससे हड्डियां मजबूत रहती हैं। लेकिन सर्दियों में धूप कम देर तक रहती है। इसलिए शरीर इसे ठीक से नहीं बना पाता है। लिहाजा बढ़ती उम्र के साथ भी ठंड में हड्डियों में दर्द शुरू हो जाता है। ठंड के मौसम में गुनगुने पानी से नहाना चाहिए। गर्म पानी शरीर की अकड़न को दूर कर उसमें लचीलापन बनाए रखता है। दरअसल, शरीर को फिजिकली एक्टिव रखने से हड्डियां कमजोर नहीं पड़ती और लचीली भी रहती हैं। वर्कआउट से हड्डियों में मजबूती आती है और वे सेहतमंद रहती हैं। यहां तक कि सर्दियों में भी रोजाना वर्कआउट करना चाहिए। सैर के साथ वर्कआउट भी जरूरी होता है।

# सर्दियों में चाय की इन 4 वैरायटीज़ से शुरु करें अपना दिन, मिलेंगे ढेरों फायदे और रहेंगे तंदुरुस्त



**सर्दियों के मौसम में कंपकंपाने वाली ठंड में हर कोई चाय पीना चाहता है। इस मौसम में सर्दी-जुखाम और गले में खराश जैसी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में आज हम आपको चाय की कुछ ऐसी खास वैराइटीज के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें पीने से आपको ताजगी के साथ साथ अच्छी सेहत भी मिलेगी।**

अधिकतर लोग अपने दिन की शुरुआत चाय से करते हैं। सर्दियों के मौसम में कंपकंपाने वाली ठंड में हर कोई चाय पीना चाहता है। इस मौसम में सर्दी-जुखाम और गले में खराश जैसी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में आज हम आपको चाय की कुछ ऐसी खास वैराइटीज के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें पीने से आपको ताजगी के साथ साथ अच्छी सेहत भी मिलेगी-

**मसाला चाय**

अगर आप सर्दियों में सेहतमंद रहना चाहते हैं तो अपनी सुबह की शुरुआत मसाला चाय से कर सकते हैं। इस चाय में काली मिर्च, लौंग, इलायची, दालचीनी, अदरक और सौंफ जैसे मसालों का इस्तेमाल होता है। यह गर्म मसाले सर्दियों में संक्रमण से बचाव करके शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

**ग्रीन टी**

स्वास्थ्य के लिहाज से ग्रीन टी भी बहुत फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए आप ग्रीन टी की पत्तियों, शहद और नींबू का इस्तेमाल कर सकते हैं। ग्रीन टी पीने से मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है और वेट लॉस में भी मदद मिलती है। आप सर्दियों में ग्रीन टी बनाते समय उसमें अदरक का टुकड़ा, इलायची, पुदीना, तुलसी की पत्तियां और नींबू का रस भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कहवा**

सर्दियों में आप कश्मीर की मशहूर चाय 'कहवा' का सेवन भी कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप पानी में ग्रीन टी, इलायची, लौंग, दालचीनी, दूध, चीनी और गुलाब की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें कई विटामिन मौजूद होते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं।

**लेमन टी**

सर्दियों में लेमन टी का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसे पीने से गले की खराश और पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही लेमन टी मुंह की बदबू को कम करने में भी मदद करती है।

# केले के फूल से बाल और त्वचा को होते हैं कई फायदे, जानिए कैसे...

**केले के फूल का इस्तेमाल ज्यादातर मंहगे हेयर सीरम, फेशियल ऑयल, क्रीम और स्क्रब के लिए किया जाता है। केले के फूल में एंटीऑक्सिडेंट एजेंट मौजूद होते हैं, जो बढ़ती उम्र में होने वाली त्वचा से जुड़ी समस्याओं से बचाने में मदद करता है।**

आज के समय में त्वचा और बालों की समस्या से अधित्तर लोग परेशान हैं और इसके समाधान के लिए वो तरह-तरह के तरीकों को अपनाते रहते हैं। बाजारों में भी इस जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए कई तेल, क्रीम और दवा मौजूद हैं। हालांकि, इस तरह की समस्याओं को प्राकृतिक तौर पर सही करना ज्यादा बेहतर है, क्योंकि इससे आपकी त्वचा को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। वहीं, आज हम आपको केले के फूल से होने वाले फायदों के बारें में बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आप अपनी सुंदरता को बढ़ा सकते हैं।

केले के फूल का इस्तेमाल ज्यादातर मंहगे हेयर सीरम, फेशियल ऑयल, क्रीम और स्क्रब के लिए किया जाता है। केले के फूल में एंटीऑक्सिडेंट एजेंट मौजूद होते हैं, जो बढ़ती उम्र में होने वाली त्वचा से जुड़ी समस्याओं से बचाने में मदद करता है। जैसे- झुरियां, दाग-धब्बे और कालेपन की समस्यां दूर हो जाती है। केले के फूल से बने ब्यूटी प्रोडक्ट्स त्वचा और बाल दोनों के लिए अच्छे साबित होते हैं, आइए आपको इसके अन्य फायदों के बारे में बताते हैं...

**बाल बढ़ाने में मददगार -**



अगर आप अपने बालों के झड़ने से परेशान हैं या फिर की तेल उपाय अपनाने के बाद भी बाल लांबे, घने और काले नहीं हो रहे हैं तो इससे छुटकारा पाने के लिए आप केले के फूल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले केले के फूल को पीस लें, इसमें केले को भी मैश कर एक कटोरी में पेस्ट तैयार कर लें। अब इस बने हुए पेस्ट को अपने बालों के जड़ों पर अच्छे से लगाएं। इस तरह से हफ्ते में 2-3 बार लगाने पर आपके बाल बढ़ने शुरू हो जाएंगे और इससे जुड़ी अन्य समस्या भी दूर हो जाएंगी। बता दें कि इसमें एंटीऑक्सिडेंट मौजूद होता है जो बालों में मजबूती देने का कार्य करता है, साथ ही इसमें मौजूद ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मददगार साबित होता है।

**झुर्रियां और फाइन लाइन्स होंगी दूर -** त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि केले को एंटीऑक्सिडेंट और प्रकृति के बोटोक्स के तौर पर भी जाना जाता है, जोकि चेहरे से झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करती है। इसके लिए आप केले के फूल को पीसकर अपनी डेली यूज वाली मॉइस्चराइजर या नॉर्मल क्रीम में मिलाकर लगा सकते हैं।

**रूसी होंगी दूर -** इसे उपयोग करने वाले ज्यादातर लोगों का मानना है कि केले के फूल या फिर केले से बने पैक के इस्तेमाल से बालों में हो रही रूसी को दूर किया जा सकता है। इसके लिए आपको केले के फूल को पानी में पहले उबालना है और फिर उसे अलग निकाल लेना। इसके बाद केले को पीसकर उसमें उबलें हुए केले के फूल को मिला दें, इसमें दूध और शहद भी मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को बालों की जड़ों पर लगाकर करीब 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इस तरह से हफ्ते में दो बार करने पर आपके बाल रूसी मुक्त हो जाएंगे। ध्यान रहें आपको इस पेस्ट को पहले अपनी कोहनी या हाथ पर लगा है अगर किसी तरह की खुजली जलन हो तो ही इसे बालों पर इस्तेमाल करें।

**इससे बनें स्क्रब का करें इस्तेमाल -** त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि जिन स्क्रबों में अखरोट और एप्रीकॉट शामिल होते हैं वो हमारे चेहरे की पतली त्वचा को छिल सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप सिर्फ उन्हीं स्क्रब का इस्तेमाल करें जिसमें माइक्रोबीड्स या स्क्रब के छोटे कण और केले के फूल का पाउडर मौजूद हों। केले के फूल से बने स्क्रब को आप अपने चेहरे और गर्दन पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इस स्क्रब को सिर्फ 10 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। इसके बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा पहले से चमकदार और साफ हो जाएगी।

**हीलिंग बाम -** केले का फूल केवल लगाने में ही नहीं बल्कि खाने में भी काम आता है। इसके सेवन से कई तरह की बीमारियां सही हो जाती हैं। इसमें इथेनॉल का अर्क मौजूद होता है, जो घावों को भरने में सहायता करता है।

# गिलोय पूरी तरह सुरक्षित लिवर खराब नहीं होता





■ विभिन्न शोधों से पता चला- हानिकारक नहीं है गिलोय

नई दिल्ली। एसएनबी

पिछले कुछ दिनों से गिलोय/गुडूची से लिवर के खराब होने के भ्रामक प्रचार को खारिज करते हुए केंद्रीय आयुष मंत्रालय के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि इसके इस्तेमाल से लिवर खराब नहीं होता है। यह पुरी तरह से सुरक्षित है।

मंत्रालय के रेंडम विश्लेषण में पाया गया है कि गिलोय/गुडूची (टिनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया) पूरी तरह से सुरक्षित है। उपलब्ध तथ्यों के अनुसार यह हानिकारक नहीं है। आयुष मंत्रालय ने दुर्लभ औषधियों से तैयार लिवर की दवाओं, भस्मों, सिरप आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक्सपर्ट्स कमेटी का गठन किया है। जो देशभर में दवा दुकानों के जरिए मरीजों को दी जा रही दवाओं की गुणवत्ता, मिलावटी जड़ी बूटियों की जांच करती है। सूत्रों के अनुसार, संदिग्ध श्रेणी में जब्त की गई दवाओं की गुणवत्ता की परख करने के लिए केंद्रीय प्रयोगशाला में रिव्यू किया जाएगा। इसमें यदि तय मानदंडों के अनुरूप इनग्रीडेंट्स नहीं पाए जाने पर उत्पादन करने वाली दवा निर्माता कंपनी के खिलाफ औषधि प्रशाधन अधिनियम 1940 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**दवा की खुराक की मात्रा महत्वपूर्ण :** गिलोय को आयुर्वेद में सबसे अच्छी कायाकल्प जड़ीबूटी कहा गया है। रिसर्च से पता चलता है कि इसके इस्तेमाल से कोई नुकसान नहीं होता है। हालांकि, किसी दवा का प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग कैसे किया जा रहा है। इसमें किसी भी दवा की खुराक की मात्रा सबसे जरूरी होती है जो उस दवा की सुरक्षा निर्धारित करती है। रिसर्च में सामने आया कि गिलोय पाउडर की निश्चित मात्रा से फ्रूट फ्लाई (ड्रोसोफिला मेलानोगास्टर) की लाइफ बढ़ी जबकि ज्यादा मात्रा ने फ्रूट फ्लाई की लाइफ को कम कर दिया। यह दर्शाता है कि किसी भी दवा व औषधि का लाभ लेने के लिए एक निश्चित खुराक को बनाए रखना बहुत जरूरी है। आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा के अनुसार, रिसर्च में निष्कर्ष निकला कि औषधि का लाभ लेने के लिए एक अच्छे डॉक्टर की सलाह पर निर्धारित खुराक लेनी चाहिए। आयुर्वेद में गिलोय किसी खजाने से कम नहीं है क्योंकि इसके इस्तेमाल से कई रोगों से छुटकारा मिलता है।

**कैंसर को मात देने में भी गिलोय का होता है इस्तेमाल :** गिलोय का यूज एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटीहाइपरग्लाइसेमिक, एंटी-हाइपरलिपिडेमिक, हेपेटोप्रोटेक्टिव, कार्डियोवस्कुलर प्रोटेक्टिव, न्यूरोप्रोटेक्टिव, ऑस्टियोप्रोटेक्टिव, रेडियोप्रोटेक्टिव, एंटी-चिंता, एडाप्टोजेनिक, एनाल्जेसिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीप्यायरेटिक के रूप में किया जाता है। वहीं, इसका इस्तेमाल डायरिया, अल्सर और कैंसर को मात देने के लिए किया जाता है। साथ ही पाचन संबंधी समस्या और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर भी इसका यूज किया जाता है। इतना ही नहीं, कोरोना महामारी को मात देने के लिए भी इसका उपयोग किया जा रहा है।



# कोविड बूस्टर टीके से एचआईवी संक्रमण होने का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं



■ विशेषज्ञों का कहना है कि सोशल मीडिया पर किए जा रहे उस दावे के समर्थन में कोई वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं पाया गया है जिसमें कहा जा रहा है कि कोविड रोधी टीके की बूस्टर खुराक से एचआईवी संक्रमण हो सकता है

■ नई दिल्ली (भाषा)।

विशेषज्ञों का कहना है कि सोशल मीडिया पर किए जा रहे उस दावे के समर्थन में कोई वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं पाया गया है जिसमें कहा जा रहा है कि कोविड रोधी टीके की बूस्टर खुराक से एचआईवी संक्रमण हो सकता है। माना जा रहा है कि फ्रांस के विषाणु विज्ञान विशेषज्ञ लुक मोन्टैग्नीयर ने पहली बार इसकी आशंका जताई थी। मोन्टैग्नीयर को ह्यूमन इम्यूनो डेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) की खोज के लिए वर्ष 2008 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इस महीने उनका निधन हो गया। तब से ट्विटर पर बहुत से लोग एक उद्धृत कथन साझा कर रहे हैं जिसे मोन्टैग्नीयर का बयान बताया जा रहा है।

इस कथन में कहा गया है, आपमें से जिन्होंने टीके की तीसरी खुराक ली है, जाइए और अपनी एड्स की जांच करवाइए। नतीजे आपको चौंका सकते हैं। इसके बाद आप अपनी सरकार पर मुकदमा कीजिए। कई विशेषज्ञों ने बताया कि इसका कोई साक्ष्य नहीं है कि यह बयान मोन्टैग्नीयर ने दिया अथवा कोविड रोधी टीके की बूस्टर खुराक से व्यक्ति को एचआईवी से संक्रमित होने का खतरा पैदा हुआ। कोलकाता के सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक जीवविज्ञान संस्थान में वरिष्ठ वैज्ञानिक उपासना राय ने कहा, मुझे नहीं लगता कि बूस्टर खुराक से एचआईवी संक्रमण हो सकता है। हमें गलत जानकारी और साक्ष्य के बिना विश्वास नहीं करना चाहिए। पुणे स्थित भारतीय विज्ञान शिक्षा संस्थान में प्रतिरक्षा तंत्र विशेषज्ञ विनीता बल ने कहा कि कोविड रोधी टीकों से किसी भी तरह एचआईवी संक्रमण होने का खतरा नहीं है। बल ने कहा कि ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है जिससे यह संकेत मिलता हो कि मोन्टैग्नीयर ने उक्त दावा किया।

दिल्लीराष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित शिव नाडर विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर और विषाणु विज्ञान विशेषज्ञ नागा सुरेश वीरपु के अनुसार, अभी तक ऐसा कोई वैज्ञानिक साक्ष्य नहीं मिला है जिससे कोविड टीकाकरण के बाद एचआईवी संक्रमण की आशंका में वृद्धि होने का पता चले।

# दिशा पटानी ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो



**मुंबई (वार्ता)।** बालीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी ने सोशल मीडिया पर अपन वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। दिशा पटानी खुद को फिट रखने के लिए जिम में कड़ी मेहनत करती हैं। दिशा अक्सर अपने वर्कआउट की तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। दिशा ने जिम से अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह जिम में वजन उठा रही हैं।

दिशा ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, रैक पुल 5 रेप्स 80 किलो। दिशा पटानी ने हाल ही में नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज ये काली काली आंखें के टाइटल ट्रैक ये काली काली आंखें के रीमिक्स वर्जन पर डांस किया था। दिशा पटानी की आने वाली फिल्मों में एक विलेन रिटर्न्स, योद्धा,हीरोपंती 2, गणपथ और बड़े मियां छोटे मियां शामिल है।

# 'हे सिनामिका' के ट्रेलर को मिले 5 मिलियन व्यूज

■ चेन्नई (आईएएनएस)।

निर्देशक बृंदा की आगामी रोमांटिक कॉमेडी 'हे सिनामिका' के ट्रेलर ने यूट्यूब पर रिलीज होने के एक दिन के भीतर पांच मिलियन व्यूज बटोरे हैं।

सोनी म्यूजिक साउथ ने अपने ट्विटर हैंडल पर इसकी घोषणा की और कहा, पांच मिलियन व्यूज! 'हे सिनामिका' का ट्रेलर दिल जीत रहा है! '96' फेम गोविंद वसंता ने 'हे सिनामिका' के लिए संगीत दिया है, जिसे जियो स्टूडियोज ने ग्लोबल वन स्टूडियोज के साथ एसोसिएट प्रोड्यूसर के रूप में प्रोड्यूस किया है। फिल्म 3 मार्च को पर्दे पर आने के लिए तैयार है।

# महिला किरदार अब तरस खाकर नहीं लिखे जाते : सान्या मल्होत्रा

■ मुंबई (आईएएनएस)।



2016 में दंगल से बॉलीवुड में अपनी शुरूआत के बाद से, सान्या मल्होत्रा ने स्क्रीन पर असंख्य भूमिकाएं निभाई हैं जो वास्तविकता के करीब हैं। उनका कहना है कि जब तक नई पीढ़ी की अभिनेत्रियां 'स्टीरियोटाइप' पर सवाल नहीं उठाती और सिनेमा में महिलाओं की छवि बदलने की मांग नहीं करेंगी, तब तक बदलाव नहीं होगा। अपनी शुरूआत के बाद, पटाखा, फोटोग्राफ, पग्लैट और मीनाक्षी सुंदरेश्वर जैसी फिल्मों में दिखाई दी हैं। सान्या ने कहा कि मुझे लगता है कि मैंने अब तक जिस तरह का किरदार निभाया है, एक दर्शक के रूप में मैं उन्हें देखना चाहती हूं वे वही महिलाएं हैं जिन्हें देखकर मैं बड़ी हुई हूं! चाहे वह ज्योति हो, संध्या हो या मीनाक्षी हो। अच्छी बात यह है कि लेखक अब महिला किरदार उन पर तरस खा कर नहीं लिख रहे है।



# 'ब्लडी ब्रदर्स' में नजर आएंगे जयदीप, जीशान

**मुंबई (आईएएनएस)।** अभिनेता जयदीप अहलावत और जीशान अय्यूब नई वेब सीरीज 'ब्लडी ब्रदर्स' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सीरीज के 6 पार्ट है। इसका निर्देशन शाद अली ने किया है और बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के सहयोग से अप्लाज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित किया गया है, ये मार्च में जी5 पर रिलीज की जाएगी। 'ब्लडी ब्रदर्स' ब्रिटिश मिस्ट्री थ्रिलर ' गिल्र्ट' का भारतीय रूपांतरण है। जी5 इंडिया के चीफ बिजनेस आफिसर मनीष कालरा ने कहा, ब्लडी ब्रदर्स में हमने एक स्टार कास्ट के साथ डार्क कामेडी के दायरे की खोज की है। इसमें फोकस शैलियों, कहानियों और अधिक प्रामाणिकता के लिए कई किरदारों के साथ प्रयोग किया गया है।

हम इस कंटेंट पर दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, जो कि अप्लाज एंटरटेनमेंट के साथ हमारी साझेदारी के माध्यम से है, क्योंकि हम भविष्य में सभी शैलियों में ज्यादा अच्छा शीर्षक पेश करने की आशा करते हैं। अप्लाज एंटरटेनमेंट के सीईओ समीर नायर ने कहा, हमें जी5 के साथ अपने तीसरे सहयोग की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। 'ब्लडी ब्रदर्स' में जयदीप अहलावत और जीशान अय्यूब की शानदार जोड़ी है। ये भाईचारे, प्यार, अपराध और ड्रामा की एक मजेदार ट्विस्टेड कहानी है। निमिषा पांडे, चीफ कंटेंट आफिसर, हिंदी ओरिजिनल्स, जी5 ने कहा, जयदीप और जीशान अपने आनस्क्रीन किरदार जग्गी और दलजीत के लिए बहुत खुश हैं। मैं समीर, अप्लाज और बीबीसी स्टूडियोज इंडिया के साथ इस सीरीज में अप्रत्याशित कथानक ट्विस्ट के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हूं।



# मुझे झूठ बोलना पसंद नहीं आलिया भट्ट

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट का कहना है कि वह रणबीर से गहराई से प्यार करती है और वह उनके साथ बहुत खुश है। आलिया ने रणबीर के साथ डेटिंग के बारे में की बात की है। आलिया ने कहा, इसमें छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है। आपकी लाइफ में एक समय ऐसा आता है जब आपको लगता है कि आपको इसके बारे में नहीं बोलना चाहिए, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आप इसके लिए बहुत प्रोटेक्टिव है, आप इसके लिए श्योर नहीं है या आप अपनी लाइफ में पर्सनल चीजों के बारे में बात नहीं करना चाहते है। मुझे झूठ बोलना पसंद नहीं है कि मै किसी के साथ रिश्ते में नहीं हूं।

आलिया ने कहा, बेशक मै एक रिश्ते में हूं और मै रणबीर के साथ बहुत खुश हूं। मै उनसे गहराई से प्यार करती हूं। मै रिश्ते में विश्वास करती हूं। इस समय, मै एक बहुत दिल वाली लड़की हूं। मतलब में थोड़ी रोमांटिक हो गई हूं,प्यार किया तो डरना क्या। उसके साथ मै बहुत कंफर्टेबल महसूस करती हूं। यही वजह है कि हम इतने सालों से साथ है।

# पक्षियों को खूब भा रहे बिहार के ताल-तलैया

■ पटना (आईएएनएस)।

देश के पक्षी हों या प्रवासी पक्षी, बिहार के ताल तलैया इन्हे खूब पसंद आ रहे हैं। इसका खुलासा बिहार में पक्षी गणना के पूर्व किए गए सर्वेक्षण में हुआ। बिहार में वेटलेन्ड्स इंटरनेशनल के मध्य शीतकालीन एशियाई जल पक्षी गणना का कार्य इस वर्ष वृहत पैमाने पर हो रहा है। भारत में यह कार्यक्रम सन 1987 से शुरू हुआ और प्रत्येक वर्ष मध्य शीतकाल में इन पक्षियों की गिनती की जाती है, जब प्रवासी और स्थानीय पक्षियों का जमावड़ा एक साथ होता है और लाखों करोड़ों प्रवासी पक्षी सुदूर देशों से हमारे यहां आते हैं।

**दुर्लभ पक्षी भी दिख रहे हैं :** पक्षियों के जानकार इस साल गरही जलाशय में गूजेंडर और यलो थ्रोटेड स्पैरो को देखा जाना एक सुखद संदेश मान रहे हैं। पिछले दिसंबर माह में यहां इस क्षेत्र के लिए दुर्लभ व्हाइट कैप्ड वाटर रेड स्टार्ट भी दिखा था। एक अधिकारी ने बताया कि इन पक्षियों की स्थिति के आधार पर हमें पता चलता है कि हमारी जल भूमि की स्थिति क्या है और जल संरक्षण की नीतियां हमें कैसे निर्धारित करनी हैं कि ये पक्षी हमारे तालत्तलैया और झीलों में उगे खरपतवारों का भोजन कर हमें समस्या से निजात दिलाते हैं, वरना हमारे ये जलाशय गाद से भरते चले जाएंगे और सूखकर कठोर भूमि में बदल जाएंगे।

बिहार सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग ने इस जल पक्षी गणना में खासी दिलचस्पी दिखाई है और वेटलेन्ड्स इंटरनेशनल तथा बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी के साथ मिलकर बिहार में वैसे लगभग 60 जलाशयों को चिन्हित किया है, जहां ये पक्षी हमारे मेहमान होते हैं। सरकार की ओर से की जा रही इस गणना में बिहार के वैसे अनुभवी और युवा लोगों को लगाया गया है, जो पक्षियों की दुनियां में रुचि रखते हैं और इनके संरक्षण में अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं।

वेटलेन्ड्स इंटरनेशनल के एशियाई जल पक्षी गणना के राज्य समन्वयक अरविन्द मिश्रा ने बताया कि इस गणना की बिहार में अत्यंत आवश्यकता थी क्योंकि कई राज्यों में तो हजारों हजार पक्षी प्रेमी प्रति वर्ष इस जल पक्षी गणना में स्वैच्छिक तौर पर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कहा, बिहार भी पक्षियों के लिए काफी संमृद्ध राज्य है, लेकिन यहां की इन विशेषताओं का प्रचार-प्रसार नहीं हो पाया और अध्ययन या प्राकृतिक भ्रमण के लिए यह पक्षी प्रेमी पर्यटकों को आकर्षित नहीं कर पाया। जमुई जिले के नागीन्नकटी, पैलबाजन, देवन आहर, बेला टांड और खैरा प्रखंड के गरही जलाशय में जल पक्षी गणना का यह कार्य शुरू हुआ है।



**प्राकृतिक आवास का अध्ययन :** पैलबाजन, देवन आहर और बेला टांड में पक्षियों की गणना की गई ओर वहां के प्राकृतिक आवास का अध्ययन भी किया गया उन्होंने बताया कि पूरे देश में ही यदा कदा दिखाई देने वाला फाल्केटेड डक यानी काला सिंखुर सन 2018 से लगातार जमुई जिले में कभी देवन आहर, कभी नागीन्नकटी और इस वर्ष बेला टांड में दिखा जो एक सुखद आश्चर्य और शोध का विषय है। खास बात यह है कि यह पक्षी हजारों के बीच बस एक ही दिखाई देता है जिसे खोजी आंखे ही देख पाती हैं।

जमुई में नागी और नकटी पक्षी अभयारण्य में करीब चार हजार जल पक्षी दिखे, जिनमें लालसर, अरुण, सरार, चेउं, गिर्री, काला सर बतख, सफेद बुजा और बड़ी संख्या में पनडुब्बी आदि हैं। उन्होंने बताया कि एक शिकारी पक्षी लान्ग लेग्ड बजार्ड (चूहामार) भी पाया गया है। यह पक्षी छोटेत्छोटे जानवरों के साथ पक्षियों का भी शिकार करता है क लगभग पचास की संख्या में प्रवासी पक्षी केंटिश प्लोवर भी दिखे जो इतनी बड़ी संख्या में यहां पहले नहीं देखे गए थे। इसके अलावा झाझा रेलवे स्टेशन के सटे रेलवे जलाशय में लगभग 500 छोटी सिल्ही भी नजर आई है।

# ताहिर राज भसीन ने 'टाकिंग क्राफ्ट' नाम से चैट शो लांच किया

■ मुंबई (आईएएनएस)।



अभिनेता ताहिर राज भसीन ने सोशल मीडिया पर 'टाकिंग क्राफ्ट' नाम से अपना चैट शो लान्च किया हैं, जो उन्हें हमारे उद्योग की कुछ बेहतरीन रचनात्मक ताकतों के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाएगा। अपने शो के बारे में, ताहिर ने कहा कि बड़े होकर, एक फिल्म उत्साही के रूप में, मैं शानदार रचनात्मक दिमागों से गहन बातचीत की तलाश करता था। मुझे उनके शिल्प के प्रति उनके दृष्टिकोण के बारे में जानने में अधिक दिलचस्पी थी। मैं वास्तव में आज भी वही हूं, और मैं केवल अपने सह-अभिनेताओं से लगातार जुड़ना और सीखना चाहता हूं।

मुझे यकीन है कि मेरे जैसे कई अभिनेता या फिल्म प्रेमी हैं, जो यह सुनना पसंद करेंगे कि एक दृश्य को फिल्माए जाने से पहले एक अभिनेता के दिमाग में क्या चल रहा होता है, शानदार अभिनेताओं की अनूठी तैयारी के तरीके क्या हैं। अभिनेता ने कहा कि जब से सोशल मीडिया में उछाल आया है, वह एक ऐसा मंच बनाने के विचार के साथ काम कर रहे थे, जो मुझे उद्योग की कुछ बेहतरीन रचनात्मक ताकतों के साथ बातचीत करने और विस्तार से जानने में सक्षम बनाता हो।

# बांदा में अमित शाह ने कहा, अखिलेश बाबू किसे डराते हो.., पहले व दूसरे चरण में सपा-बसपा का सूपड़ा साफ

कानपुर। यूपी विधानसभा चुनाव में बांदा के तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधा तो अखिलेश यादव पर तंज कसा। उन्होंने पहले व दूसरे चरण में सपा बसपा का सूपड़ा साफ होने की बात कही, तो अखिलेश यादव को चेताया कि हम किसी से डरते नहीं हैं। उन्होंने बुंदेलखंड में पानी का संकट दूर करने के लिए भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं को गिनाया और डिफेंस कॉरीडोर की स्थापना किए जाने की बात कही। बांदा के तिंदवारी में आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधन की शुरूआत भारत माता की जय के उद्घोधन से की। उनहोंने बाबा बामदेव की धरती को नमन किया और मां रानी दुर्गावती के साहस को याद किया। उन्होंने चालीस साल से गायब मां योगिनी की मूर्ति वापस लाए जाने पर प्रणाम किया। कहा, पहले और दूसरे चरण में जाकर आया हूं, इसमें सपा और बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। पहले और दूसरे चरण में नींव पड़ चुकी और तीसरे और चौथे चरण में बुंदेलखंड को भाजपा की जीत की इमारत खड़ी करनी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी जी ने सारे बाहुबलियों का सफाया करने का काम किया है। कुछ दिन पहले अखिलेश बाबू पूछ रहे थे, कि योगी जी ने किया क्या है। मैं तो



कहता हूं जिसके पीला चश्मा होता है उसको सब पीला ही पीला दिखाई देता है। जाकर किसी मां-बहन से पूछिए कि उत्तर प्रदेश में सुरक्षा बढ़ी है, यहां की माताएं बहनें बताएंगी कि उनकी सुरक्षा बढ़ी है कि नहीं। सपा-बसपा के शासन में जो माफिया थे, वह अब नहीं हैं। योगी जी ने माफियाओं का सफाया किया है। लूट में 62, हत्या में 31 फीसद और दुष्कर्म में 50 फीसद अपराध कम हुआ। दस साल तक केंद्र में सपा-बसपा के समर्थन से सरकार चली। उन्होंने कहा कि दस साल तक आलिया मालिया जमालिया घुसकर आते थे और हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते थे और वो उफ नहीं करते थे। भाजपा की सरकार आई और सर्जिकल स्ट्राइक किया। आतंकवाद को सपा, बसपा और कांग्रेस समाप्त कर सकती है क्या, इसे केवल भाजपा ही समाप्त कर सकती है। कहा, हमारा कश्मीर हमेशा भारत के साथ जुड़ा रहे, इसके लिए धारा 370 हटाने का काम किया तो अखिलेश बाबू आकर खड़े हो गए, कहने लगे कि खून की नदिया बह जाएंगे। अखिलेश बाबू किसे डराते हो, हम डरने वाले नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने धारा 370 हटा दिया तो क्या एक कंकड़ तक नहीं चला। उन्होंने कहा कि साइकिल की सरकार लाए तो उत्तर प्रदेश में आतंकवादियों को सप्लाई करने का काम शुरू हो जाएगा। आतंकवाद पर भारतीय जनता पार्टी जीरो टोलरेंस की नीति के आधार पर चलती है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश बाबू आपके राज में अकाल के कारण दो हजार किसान भूख से मर गए थे और आपकों कोई दर्द नहीं हुआ था। अब बुंदेलखंड में अनेक जल परियोजनाओं का काम हो रहा है। महोबा में अर्जुन सहायक बांध, रतौली बांध समेत चार परियोजनाएं प्रधानमंत्री जी ने शुरू की हैं। 44 हजार करोड़ की लागत से केन-बेतवा लिंक से 62 लाख लोगों को पेयजल मिलेगा और नौ लाख हेक्टेअर की सिंचाई होगी। मोदी जी जिसका शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। केन बेता लिंक पूरा होने के बाद पीढ़ियों तक जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। जनरल विपिन रावत इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरीडोर बनाने की योजना लेकर आए हैं, यहां से जो मिसाइल बनेगी और गोला बनेगा और पाकिस्तान पर जाकर गिरेगा। कांग्रेस कहती रही हम गरीबी हटाएंगे, समाजवादी पार्टी कहती रही हम समाजवादी हैं लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया।

# अखिलेश यादव भाजपा पर साधा निशाना बोले - सफेद झूठ बोलते है इनके बड़े नेता

बरेली। किसान आंदोलन के बाद भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव से पहले काले कानून वापस लेकर यह दिखा दिया कि वह यूपी और पंजाब में होने वाले चुनाव में डरकर काला कानून वापस लिया हम सभी को सावधान रहना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी को माफ नहीं करेगी। उत्तर प्रदेश का किसान नौजवान व्यापारी भारतीय जनता पार्टी को बख्शने के मूड में नहीं है इनके छोटे नेता छोटा झूठ बोलना है और इनके बड़े नेता बड़ा झूठ बोल रहे हैं और दोस्त बड़े नेता है वह सफेद झूठ बोल रहे हैं। तुमसे ज्यादा झूठी पार्टी यदि कोई हो तो बताइए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हम दो चरणों मे शतक लगा चुके है। अब तीसरे और चौथे चरण में एक और शतक लगेगा। सपा नेता अहमद हसन के निधन पर भी बोले और उनके नेतृत्व की सराहना की। दुख जताते हुए कहा कि सपा ने ईमानदार नेता खो दिया। एनआरएचएम घोटाले में भी उन पर कोई आरोप नहीं लगा। हाजी रियाज अहमद पर भी बोले और कहा कि उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाया। उनके इलाज के लिए हर सम्भव मदद की। उनकी और




उनकी बेटी का निधन पर दुख है। पीतमराम को खोया। योगी जी अपना प्रिय पशु भी नहीं पकड़ पा रहे हैं।कौन से मरने पर सपा 500000 सहायता देगी।यह वही लोग हैं जो कहते थे की चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में चलेगा लेकिन डीजल और पेट्रोल इतना महंगा कर दिया है कि आम आदमी बाइक नहीं चल पा रहा है साइकिल को न डीजल की जरूरत न पेट्रोल की जरूरत है। इस बार साइकिल की कोई रफ्तार नहीं पकड़ सकता। किसानों को समय पर खाद नहीं मिली न यूरिया मिली न बीजेपी मिली किसानों को रात रात भर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। यह सब कुछ बेच रहे हैं रेल बेच रहे हैं पानी का जहाज बेच रहे हैं क्योंकि यह जानते हैं ना रहेगा बांस ना बजेगी बांसुरी। इस सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार नहीं दिया बाबा जगह-जगह कह रहे हैं कि गर्मी निकाल दो सपा सरकार बनेगी पुलिस और फौज में नौकरी देकर बेरोजगारों का भविष्य बना देंगे। बिजली महंगी कर दी बाबा और भाजपा सरकार ने एक भी बिजली का कारखाना नहीं लगाया है।

# प्रेमिका के प्यार में पागल प्रेमी ने पत्नी को पीटा सिगरेट से जलाया

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर के दनकौर कस्बे में एक युवक को उसकी पत्नी और ससुरालवालों ने प्रेमिका के साथ रंगे हाथों पकड़ कर जमकर धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया। पत्नी ने पति पर सिगरेट से जलाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मथुरा निवासी अशोक ने बताया कि उसने करीब डेढ़ वर्ष पहले अपनी बहन किरण की शादी दनकौर कस्बा निवासी एक युवक के साथ की थी। उनका कहना है कि शादी से 4 दिन बाद ही आरोपी पति ने दहेज में मिली कार को आग से जला दिया था। अशोक का कहना है कि शादी से पहले उसके किसी अन्य महिला से अवैध संबंध थे। जिसको लेकर वह उसकी बहन के साथ आए दिन मारपीट भी करता था। पीड़ित मायके वालों का कहना है कि दहेज की खातिर आरोपी उनकी बेटी को जलती सिगरेट से दागता है। जिसके निशान उसके हाथ और शरीर के पर हैं। पीड़ित किरण ने बताया कि करीब 3 दिन पहले वह अपने मायके परेशान होकर चली गई थी। मौका देख आरोपी अपनी प्रेमिका को घर ले आया। जिसकी जानकारी पड़ोसियों द्वारा हुई तो शुक्रवार की शाम उसने मायके वालों के साथ दोनों को घर में दबोच लिया। इस दौरान मायके वालों ने दोनों की धुनाई भी कर दी। बाद में कोतवाली ले आए। पीड़ित किरण का कहना है कि उसके पति के महिला से पहले से ही अवैध संबंध है। जिसकी जानकारी जब पीड़िता को हुई तो विरोध करने पर आरोपी उसके साथ मारपीट करते हुए सिगरेट से भी उसको जलाता है। इस बारे में दनकौर कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार का कहना है कि पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले में जांचकर कार्रवाई करेगी।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले- डबल इंजन की सरकार दे रही डबल डोज

बरेली। सीएम योगी आदित्याथ ने डबल इंजन की सरकार का जुमला प्रयोग किया। उन्होंने पूरनपुर में आयोजित जनसभा में कहा हमारी डबल इंजन की सरकार राशन की डबल डोज दे रही है।यह संभव हुआ क्योंकि आपने चारों सीटों पर भाजपा विधायक को चुनकर भेजा। भाजपा ही स्वाबलंबन, सुरक्षित माहौल दे सकेगी। पूर्व मंत्री डा विनोद तिवारी के नेतृत्व में पूरनपुर में चुनाव लड़ा जा रहा है। बंगाली समाज के लिए कमेटी गठित कर दी है। हमने अन्नदाताओं का 36000 करोड़ का कर्ज माफ किया। इसमें पीलीभीत के 53400 से अधिक किसानों का कर्ज माफ हुआ।आज किसान के खाते में 6000 रुपये सालाना आ रहे हैं। 1 लाख 60 हजार करोड़ का गन्ना भुगतान हो चुका है। सपा सरकार ने विधवा, दिव्यांग व वृद्ध पेंशन को रोक दिया था। हमने 43 लाख



से अधिक गरीबों को आवास उपलब्ध कराया। आज आपसे कहने आया हूँ कोरोना में फ्री में इलाज, टेस्टिंग व वैक्सीन उपलब्ध कराई है। कोरोना हारेगा भारत जीतेगा देखिए तीसरी लहर में उत्तर प्रदेश सुरक्षित रहा। लोग वैक्सीन को मोदी वैक्सीन नाम देते थे। आज अगर वैक्सीन ने जान बचाई है तो विपक्षियों को मुंह तोड़ जबाब दीजिये। पूरनपुर से बाबूराम पासवान को आशीर्वाद दीजिये। अपने भाषण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मंत्री डा विनोद तिवारी का नाम लेते हुए कहा कि हमारी पूरी टीम बाबूराम पासवान के लिए भारी मतों से जिताने के लिए काम कर रही है।गौरतलब है डा विनोद तिवारी स्थानीय ब्राह्मण मतदाताओं में खास प्रभाव रखते हैं। संभवतः इसी के चलते मुख्यमंत्री ने डा विनोद तिवारी को अपने भाषण में तवज्जो दी है।

# पत्नी से झगड़ा, पति ने दी बैंक में आग लगाने की धमकी

गाजियाबाद। गाजियाबाद के विजयनगर में पारिवारिक विवाद में पत्नी से झगड़े के बाद एक युवक द्वारा बैंक में आग लगाने की धमकी दी गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। विजयनगर थाना क्षेत्र की राशिका ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नवंबर 2019 में उनकी शादी मुरादनगर के सूर्यकांत के साथ हुई थी। पिछले साल उन्होंने पति के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया था, लेकिन पति के माफी मांगने पर उन्होंने फैसला कर लिया था। राशिका का कहना है कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा की विजयनगर शाखा में कार्यरत हैं। गुरुवार को ड्यूटी खत्म कर वह घर जा रही थीं, तभी पति ने फोन करके गाली-गलौच की। पति ने उनके ब्रांच मैनेजर राहुल सिन्हा को भी फोन किया और कहा कि अगर कल तक राशिका को नौकरी से नहीं निकाला तो वह बैंक में आग लगा देगा। घटना के बाद पीड़िता ने पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी। विजयनगर एसएचओ योगेंद्र मलिक ने कहा है कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

राजनगर एक्सटेंशन की ऑफिसर सिटी सोसाइटी निवासी किरन पांडेय का कहना है कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा की विजयनगर शाखा में अधिकारी हैं। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे जीवन सिंह नाम का खाता धारक बैंक में आया। उसने आते ही शोर-शराबा और हंगामा शुरू कर दिया। समझाने पर उसने खुद को मीडियाकर्मी बताते हुए बखेड़ा खड़ा कर दिया। किरन पांडेय का कहना है कि उन्होंने विरोध किया तो जीवन ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस बुला ली जो आरोपी को पकड़कर थाने ले गई।

# तीसरे चरण का प्रचार थमा, 59 सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट, सपा के 52 और भाजपा के 48 प्रत्याशी करोड़पति

मैनपुरी। तीसरे चरण का प्रचार शुक्रवार शाम थम गया। इस चरण में 16 जिलों की 59 सीटों पर रविवार को वोट डाले जाएंगे। सत्तारूढ़ भाजपा व मुख्य विपक्षी दल सपा समेत सभी दलों के दिग्गज नेता अंतिम समय तक हवा का रुख अपनी तरफ मोड़ने के लिए चुनाव वाले क्षेत्रों में जुटे रहे। तीसरे चरण में मुख्य रूप से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, प्रदेश के मंत्री सतीश महाना, नीलिमा कटियार, राम नरेश अग्निहोत्री, पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव व रामवीर उपाध्याय की किस्मत का फैसला होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि तीसरे चरण में हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, इटावा, कासगंज, मैनपुरी, फरुर्खाबाद, कन्नौज, औरैया, कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर व महोबा जिले में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। तीसरे चरण में 2.15 करोड़ मतदाता 627 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस चरण के लिए 15553 मतदान केंद्र और 25741 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। तीसरे चरण में सबसे अधिक 15-15 प्रत्याशी एटा, ललितपुर की मेहरौनी और महोबा सीट पर हैं। जबकि सबसे कम मात्र तीन प्रत्याशी मैनपुरी की करहल सीट पर हैं। यहां सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का मुकाबला केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल और बसपा के कुलदीप नारायण से है।

शुक्रवार शाम को प्रचार थमने से पहले सत्तारूढ़ भाजपा व मुख्य विपक्षी दल सपा समेत सभी दलों ने अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए पूरी ताकत लगा दी। सीएम योगी ने मैनपुरी के करहल तथा कानपुर में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में सभाएं व रोड शो किया। दूसरी तरफ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जालौन व कानपुर में पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। इसके अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, सपा के शिवपाल सिंह यादव समेत बसपा व कांग्रेस के अन्य नेता भी तीसरे चरण के चुनाव वाले क्षेत्रों में डटे रहे। प्रचार बंद होने के बाद प्रत्याशी व उनके समर्थक जनसंपर्क करके वोटरों को लुभाने की कवायद में जुटे हैं।

**सपा के 52 और भाजपा के 48 प्रत्याशी करोड़पति**- विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण में समाजवादी पार्टी ने सबसे अधिक 52 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जिनकी संपत्ति 1 करोड़ रुपये से अधिक है, जबकि भाजपा 48 उम्मीदवारों के साथ दूसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच एंड एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार बहुजन समाज पार्टी ने ऐसे 46 उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि कांग्रेस ने 29 और आम आदमी पार्टी ने 18 करोड़पति को मैदान में उतारा है।

# समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विधान परिषद सदस्य अहमद हसन का निधन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा विधान परिषद में नेता सदन अहमद हसन का शनिवार को निधन हो गया। वह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। इससे पहले भी उनको उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र के दौरान 16 दिसंबर को सीने में दर्द की शिकायत होने के बाद उनको दिक्कत के बाद गुरुवार को केजीएमयू के लॉरी कॉडियोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया था। जहां उनसे मिलने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता 88 वर्षीय अहमद हसन ने शनिवार को अंतिम सांस ली। उनको शनिवार तड़के तबीयत अधिक खराब होने के कारण भर्ती कराया गया था।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री अहमद हसन का शनिवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। शुक्रवार रात को उनको डा. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया था। वह आइसीयू में थे और शनिवार को करीब 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वह सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के करीबी सहयोगी थे। समाजवादी पार्टी की सभी सरकारों में मंत्री रह चुके हैं। उनके पास स्वास्थ्य तथा शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय थे। अहमद हसन का इलाज लोहिया संस्थान के सीसीयू में चल रहा था। अस्पताल प्रशासन का कहना है की करीब 10 दिन पहले उन्हें गंभीर अवस्था में लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया था। पूर्व मंत्री अहमद हसन को दो माह पहले दिल की गंभीर बीमारी हुई थी। उन्हें लारी कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया गया था। जहां उन्हें पेसमेकर लगाया गया था इसके बाद वह कोरोना की चपेट में आ गए थे। कोरोना से जंग जीतने के बाद फैक्कर हो गया। परिवारीजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत गंभीर बताई गई। आनन-फानन उन्हें लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया। एनस्थीसिया विभाग के अध्यक्ष डा. दीपक मालवीय ने बताया कि गंभीर अवस्था में उन्हें भर्ती कराया गया था। डाक्टर ने उनकी जान बचाने की पूरी कोशिश की थी लेकिन गंभीर बीमारी के चलते उनका निधन हो गया।

# एसपी सिंह बघेल के जाति प्रमाणपत्र के मामले में वादी अधिवक्ता ने की कोर्ट में बहस

मैनपुरी। आगरा के सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल के जाति प्रमाणपत्र के मामले में वादी अधिवक्ता सुरेश चंद्र सोनी ने शुक्रवार को स्पेशल जज (एमएलए-एमपी) की कोर्ट में बहस की। बहस में अधिवक्ता ने कहा कि प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल औरैया प्रदेश के मूल निवासी हैं। इसलिए नियमानुसार उनका जाति प्रमाण पत्र निवास स्थान के अनुसार बनना चाहिए था। इस बाबत अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग और सरकार के आदेश की प्रति कोर्ट के समक्ष रखी। अधिवक्ता ने कहा कि प्रोफेसर बघेल ने आगरा के पत्ते से जाति प्रमाण पत्र बनवाया है, जो स्वतः ही निरस्त करने योग्य है। प्रमाणपत्र बनाने वालों ने नियमों का पालन नहीं किया है। प्रमाणपत्र पर किसी भी अधिकारी की मुहर नहीं है। वैसे भी धनगर जाति अनुसूचित जाति में नहीं आती है। अधिवक्ता सुरेश चंद्र सोनी ने अपने तर्कों के आधार को महत्वपूर्ण और अतिआवश्यक बताते हुए प्रार्थना पत्र को परिवाद के रूप में दर्ज करने की अपील की।

# उत्तर प्रदेश में नाइट कर्फ्यू पूरी तरह खत्म; अब पहले की तरह आ-जा सकेंगे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में अब रात का कर्फ्यू भी पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। इस बारे में शनिवार को अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। इससे पहले कोविड प्रोटोकाल के अनुपालन की शर्त के अनुसार रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक लागू करने के आदेश थे। यूपी में नाइट कर्फ्यू खत्म करने के साथ ही सावधानी बरतने के भी आदेश जारी किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा प्रदेश के सभी मण्डलायुक्त, एडीजी, आइजी, डीआइजी, पुलिस आयुक्त लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर और वाराणसी को रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश में संक्रमण तेजी से कम हो रहा है। हालांकि, अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सतर्कता एवं सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। इसके दृष्टिगत श्री अवस्थी ने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरन्तर सुदृढ़ बनाए रखे जाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि, घर से बाहर निकलने पर मास्क की अनिवार्यता हो या फिर भीड़-भाड़ वाली जगहों से परहेज, लोगों को इन बातों का अभी ध्यान रखना होगा।



# डीएम, पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

मऊ। शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार और पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने सब्जी मंडी स्थित मतगणना स्थल पर हो रही तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गाड़ियों की पार्किंग हेतु स्थान के चयन को लेकर विचार विमर्श के उपरांत जिलाधिकारी ने पास स्थित स्टेडियम में पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, साथ ही यह भी निर्देश दिए कि स्टेडियम के अंदर सरकारी कर्मचारियों एवं राजनैतिक दलों हेतु अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सब्जी मंडी स्थित सड़क, शेड, फर्स आदि जहां टूटी-फूटी है उसकी तत्काल मरम्मत करा लें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मतगणना के मानक के अनुसार आरओ, एआरओ एवं मतगणना कर्मियों की बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें। उन्होंने शीघ्र ही बैरिकेटिंग व्यवस्था भी शुरू करने के निर्देश दिए, साथ ही मतगणना स्थल पर साफ-सफाई



की व्यवस्था सही करने के भी निर्देश दिए। स्ट्रांग रूम एवं उसके आसपास के स्थलों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तत्काल स्ट्रांग रूम की साफ-सफाई एवं स्ट्रांग रूम में बने खिड़की एवं रोशनदानों को बंद कराने के निर्देश दिए। मतगणना स्थल स्थित बिजली के तारों एवं पेड़ से कई स्थानों पर बिजली के तारों को छूने की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि बिजली के जर्जर तारों एवं खंभों को तत्काल ठीक करा दें, जिससे मतगणना के दौरान किसी दुर्घटना की संभावना न रहे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन अधिकारियो को जो दायित्व सौंपे गए हैं, उसे तत्काल पूरा करा कर अवगत करा दें, अगर कोई दिक्कत हो तो उसे बताएं ताकि उसका समाधान समय पूर्व कर लिया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुशील घुले, नगर मजिस्ट्रेट त्रिभुवन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अजय गौतम, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सखी, मॉडल व दिव्यांग बूथ चिन्हित, तैयारियां शुरू

मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ। निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर विधानसभा चुनाव में सखी बूथ, दिव्यांग बूथ व मॉर्डन बूथ भी स्थापित किए जाएंगे। इस के लिए निर्वाचन अधिकारियों ने सभी बूथों को चिन्हित कर लिए हैं। इस के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं। मुहम्मदाबाद गोहना तहसीलदार राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मुहम्मदाबाद गोहना विधानसभा चुनाव में एक-एक सखी, माडर्न व दिव्यांग बूथ बनाया जाएगा। तीनों बूथों को चिन्हित कर लिया गया है। इन बूथों पर आयोग की तरफ से विशेष सुविधा उपलब्ध रहेगी। बताया कि कंपोजिट विद्यालय मुहम्मदाबाद गोहना नई इमारत के मतदान केंद्र के बूथ संख्या 130 को सखी बूथ बनाया गया है। इस बूथ पर पीठासीन अधिकारी से लेकर पूरा स्टॉफ महिला मतदान कर्मियों का होगा। महिलाओं को मतदान बढ़ाने और मतदान को लेकर उनके भीतर से डर का भाव निकालने के लिए यह व्यवस्था होगी। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, महिलाओं का मतदान बढ़ाने, चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़े एवं भयमुक्त वातावरण में महिलाएं मतदान करें इसके लिए सखी बूथ बनाए गए हैं। इसी प्रकार से कमपोजिट विद्यालय बनियापार मतदान केंद्र के बूथ संख्या 91को दिव्यांग बूथ बनाया गया है। इस बूथ पर दिव्यांग मतदाता सबसे अधिक है। इस पर दिव्यांग कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। प्रशासन की ओर से दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर सहित विविध सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाएंगी। बताया कि कमपोजिट विद्यालय गालिबपुर मतदान केंद्र के बूथ संख्या 145 को मॉडल बूथ चयनित किया गया है। इस बूथ पर विशेष तरह की सजावट की जाएगी तथा सुविधाएं होंगी। यहां पर गुब्बारे, रंगोली व टेबल-कुर्सी पर फूलों से सजावट की जाएगी।

# नहर में तैरता मिला शिक्षक का शव

घोसी, मऊ। घोसी कोतवाली क्षेत्र के खत्रीपार नहर में शुक्रवार को एक व्यक्ति की लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। शव की शिनाख्त पेशे से शिक्षक राजेश कुमार राय पुत्र

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अशोक कुमार राय निवासी कटघरा महलू थाना मधुबन जनपद मऊ के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मधुबन थाना क्षेत्र के कटघरा महलू गांव निवासी राजेश कुमार राय(45 वर्ष) पुत्र अशोक कुमार राय नित्य की भांति गुरुवार कि सुबह टहलने के लिए मधुबन दोहरीघाट मुख्य मार्ग पर निकले थे। जब देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों द्वारा मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो मोबाइल बंद मिला। मोबाइल बंद



होने पर परिजन उनकी खोजबीन में निकल पड़े। परिजनों ने खोजते हुए दोहरीघाट मुख्य मार्ग पर बनकटा गांव के समीप पहुंचे तो शिक्षक की छड़ी व जूता पढ़ा हुआ मिला। परिजनों द्वारा अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए मधुबन पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अभी जांच पड़ताल में जुटी ही थी तभी शुक्रवार की दोपहर घोसी के खत्रीपार नहर में राजेश कुमार राय का शव पाया गया। मौके पर पहुंची एसओजी टीम व फारेंसिक लैब की टीम भी अपने अपने तरीके से जांच में जुट गई है। मृतक राजेश के सर पर चोट के निशान पाए गए। घर से लगभग बीस किमी दूर लाश मिलने से लगता है कि किसी ने रंजिश में राजेश की हत्या की है। परिजन भी हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। अब तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका सही खुलासा हो सकता है लेकिन दिन दहाड़े शिक्षक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

# भारत को अजेय बढ़त

## टीम इंडिया ने जीती वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार चौथी सीरीज

**कोलकाता।** भारतीय टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 8 रनों से हराकर जीत हासिल की और तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने विंडीज के खिलाफ लगातार चौथी सीरीज जीती। अंतिम ओवर में 25 रन की जरूरत थी लेकिन हर्षल के ओवर में पॉवेल और पोलार्ड 16 रन ही बना सके।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 186 रन ठोके थे। जवाब में विंडीज टीम 3 विकेट पर 178 रन ही बना सकी। विंडीज के लिए निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल ने 60 गेंदों पर 100 रन जोड़े। इस पार्टनरशिप को भुवनेश्वर कुमार ने पूरन (62) को आउट कर तोड़ा। रोवमैन पॉवेल 36 गेंदों पर नाबाद 68 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इससे पहले विराट कोहली और ऋषभ पंत के अर्धशतकों की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां पांच विकेट पर 186 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। कोहली ने 41 गेंदों पर 52 रन जबकि पंत ने 28 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। इन दोनों ने समान रन बनाने के साथ समान सात-सात चौके और एक-एक छक्का भी लगाया। पंत ने वेंकटेश अय्यर (18 गेंदों पर 33 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिये 35 गेंदों पर 76 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। मेहमान टीम वेस्ट इंडीज ने टॉस जीत कर फील्डिंग चुनी और अच्छी गेंदबाजी करते हुए कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशान दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों को 59 रन के अंदर निपटा दिया। वेस्ट इंडीज की ओर से गेंदबाजी सामान्य रही। केवल रोस्टन चेज सफल रहे, जिन्होंने चार ओवर में 25 रन पर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। भारत की तरफ से दो कैच छूटे लेकिन अंत में भारत का बड़ा स्कोर विंडीज की उम्मीदों पर भारी पड़ गया। भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार ,युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई ने एक- एक विकेट लिया। हर्षल ने आखिरी ओवर में दो छक्के खाने के बावजूद भारत के स्कोर का बचाव कर लिया। पंत को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



### 30 अर्धशतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने कोहली

विराट कोहली ने दूसरे टी-20 में 41 गेंदों की मदद से 52 रन की पारी खेली। यह उनका 30वां अर्धशतक रहा, जो इस फॉर्मेट का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। वह इस फॉर्मेट में 30 अर्धशतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज भी बने। यहां अगर वह 4 रन और बना लेते तो टी-20 इंटरनेशनल में 4000 रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाते। फिलहाल सबसे अधिक रन न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल के नाम है। उन्होंने 112 मैचों में 3299 रन बनाए हैं, जबकि कोहली के नाम 97 मैचों में 3296 रन दर्ज हैं। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 121 मैचों में 3256 रन बनाए हैं। रोहित के नाम सबसे अधिक 4 शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उन्होंने 18 गेंदों में 19 रन की पारी खेली। देखा जाए तो टॉप-3 बल्लेबाजों में बहुत अधिक रनों का अंतर नहीं है।

### पोलार्ड 100 मैच खेलने वाले विंडीज के पहले खिलाड़ी

दूसरे टी20 में टॉस के लिए उतरते ही कीरोन पोलार्ड का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। यह उनका वेस्टइंडीज के लिए 100वां टी20 है। वह 100 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले वेस्टइंडीज के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। 34 साल के पोलार्ड ने 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए टी20 डेब्यू किया था। अभी तक खेले 99 मैच में उनके नाम 25.59 की औसत और 135.62 की स्ट्राइक रेट से 1561 रन हैं। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच खेलने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के शोएब मलिक के नाम है। मलिक ने 124 मैच खेले हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा121 मैच के साथ दूसरे नंबर पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज ने 119, इंग्लैंड के इयोन मॉर्गन ने 115, बांग्लादेश के महमुदुल्लाह ने 113, न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल ने 112 मैच खेले हैं।

### रिषभ पंत ने तोड़ा एमएस धोनी का रिकॉर्ड

भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दरअसल, रिषभ पंत टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा अर्धशतक जड़ने वाले विकेटकीपर बन गए हैं। रिषभ पंत ने अपना तीसरा अर्धशतक इस प्रारूप में पूरा किया और उन्होंने एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 98 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले एमएस धोनी ने देश के लिए सिर्फ 2 ही अर्धशतक इस प्रारूप में जड़े थे, लेकिन पंत ने उनसे आधे से भी कम मैचों यानी 43 मैचों में तीन अर्धशतक जड़ दिए हैं। रिषभ पंत ने अब तक सिर्फ तीन अर्धशतक टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में जड़े हैं और हैरान करने वाली बात ये है कि तीनों ही अर्धशतक उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाए हैं।

**कोहली को आराम व रोहित के टेस्ट कप्तान बनने की उम्मीद:** भारतीय टीम में जुड़ी तीन बड़ी खबरें आ रही हैं। पहली यह कि ऑलराउंडर रविंद्र जडेजाचोट से अब फिट हैं और श्रीलंका के खिलाफ होम सीरीज के लिए टीम में वापसी को तैयार हैं। दूसरी ओर, पूर्व कप्तान विराट कोहली को लेकर खबर आ रही है कि वह टी-20 सीरीज से आराम मिल सकता हैं। हालांकि, वह टेस्ट सीरीज खेलेंगे। तीसरी सबसे बड़ी खबर यह है कि रोहित शर्मा को टेस्ट टीम का कप्तान भी नियुक्त किया जा सकता है।

### स्कोर बोर्ड

| भारतीय पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कै. किंग बो. चेज | 19 | 18 | 2 | 1 |
| ईशान किशन कै. मेयर्स बो. कॉट्रेल | 02 | 10 | 0 | 0 |
| विराट कोहली बो. चेज | 52 | 41 | 7 | 1 |
| सूर्यकुमार कै. एवं बो. चेज | 08 | 06 | 1 | 0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 52 | 28 | 7 | 1 |
| वेंकटेश अय्यर बो. शेफर्ड | 33 | 18 | 4 | 1 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 19, **कुल**: 20 ओवर में पांच विकेट पर 186 **विकेट पतन**: 1-10, 2-59, 3-72, 4-106, 5-182 **गेंदबाजी**: अकील हुसैन 4-0-30-0, शेल्डन कॉट्रेल 3-1-20-1, जेसन होल्डर 4-0-45-0, रोमारियो शेफर्ड 3-0-34-1, रोस्टन चेज 4-0-25-3, ओडिन स्मिथ 1-0-10-0, कीरोन पोलार्ड 1-0-14-0,

| वेस्टइंडीज पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ब्रैंडन किंग कै. सूर्यकुमार बो. बिश्नाई | 22 | 30 | 2 | 0 |
| काइल मेयर्स कै. एवं बो. चहल | 09 | 10 | 1 | 0 |
| पूरन कै. बिश्नाई बो. भुवनेश्वर | 62 | 41 | 5 | 3 |
| पॉवेल नाबाद | 68 | 36 | 4 | 5 |
| कीरोन पोलार्ड नाबाद | 3 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**:14, **कुल**: 20 ओवर में तीन विकेट 178 रन, **विकेट पतन**: 1-34, 2-59, 3-159, **गेंदबाजी**: भुवनेश्वर कुमार 4-0-29-1, दीपक चाहर 4-0-40-0, चहल 4-0-31-1, हर्षल पटेल 4-0-46-0, रवि विश्नोई 4-0-30-1,

# भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड ने बनाई 3-0 की अजेय बढ़त

## तीसरे वनडे में तीन विकेट से हराया, केर, सैटर्थवेट व लॉरेन ने जड़े अर्धशतक

**क्वींसटाउन।** अमेलिया केर (67), एमी सैटर्थवेट (59) और लॉरिन डाउन (64) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को यहां तीसरे रोमांचक वनडे मैच में भारत को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा कर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। मेजबान न्यूजीलैंड ने टॉस जीत कर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

भारत ने इस न्योते को स्वीकार करते हुए तीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 49.3 ओवर में 279 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, लेकिन न्यूजीलैंड ने महज 14 रन के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों को खोने के बावजूद 49.1 ओवर में सात विकेट पर 280 रन बना कर मैच जीत लिया। न्यूजीलैंड की तरफ से भी तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़ा। अमेलिया केर ने आठ चौकों की मदद से 80 गेंदों पर 67, सैटर्थवेट ने छह चौकों के सहारे 76 गेंदों पर 59 और लॉरेन ने छह चौकों और दो छक्कों के दम पर 52 गेंदों पर 64 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में हन्ना रोव और रोजमेरी मायर ने दो-दो, जबकि सोफी डिवाइन, अमेलिया केर, फ्रांसिस मैके और सैटर्थवेट ने एक-एक विकेट लिया।



भारत के लिए सलामी बल्लेबाजों सब्भिनेनी मेघना और शैफाली ने ठोस शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। इसके बाद हालांकि कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो पाई और लगातार अंतराल पर विकेट गिरने से भारत 279 पर ऑलआउट हो गया। गेंदबाजी में अनुभवी गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने 10 ओवर में 47 रन पर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। वहीं रेणुका सिंह, एकता बिष्ट, दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा को एक-एक विकेट मिला। भारत के लिए मेघना ने 61, शेफाली ने 51 और दीप्ति शर्मा ने नाबाद 69 रन बनाए।

### 2022 सीजन के लिए जल्द करूंगा वापसी : हैमिल्टन

**लंदन।** लुईस हैमिल्टन ने अपने शीतकालीन अवकाश और मर्सिडीज के साथ आगे के सीजन के लिए तैयारी कर ली है और इसी क्रम में आठ बार के चैंपियन ने अपनी 2022 कार लॉन्च की। हैमिल्टन, टीम के साथ 10वें सीजन के लिए तैयार हैं और उनका लक्ष्य आठवें फॉर्मूला 1 ड्राइवरों की विश्व चैम्पियनशिप और मर्सिडीज के साथ उनका सातवां रिकॉर्ड हासिल करना है। 2021 में वह अंतिम क्षण में हार गए थे, लेकिन उन्होंने कहा कि वह जल्द ही 2022 के अभियान के लिए ट्रैक पर वापसी करेंगे। हैमिल्टन ने कहा, मैं विंटर ब्रेक में परिवार के साथ अच्छा समय बिता रहा था। अंत में मुझे लगा कि मैं टोटो और जॉर्ज के साथ एक और सीजन में फिर से वापसी कर सकता हूं। उन्होंने आगे कहा, जॉर्ज को आते और अपनी ऊर्जा लाते हुए देखना रोमांचक है। मैं पहले से ही पूरी टीम में उनकी ऊर्जा को महसूस कर सकता हूं और मुझे लगता है कि यह एक रोमांचक सीजन होने जा रहा है।

## भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप से बाहर

**शाह आलम।** भारतीय महिला और पुरुष टीमें शुक्रवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण के लिए क्वॉलीफाई करने में विफल रहीं और अपने ग्रुप चरण के मैच हारकर बाहर हो गईं।

भारतीय पुरुष टीम को जहां इंडोनेशिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा, वहीं महिला टीम को जापान ने 4-1 से हराया। भारत पुरुष टीम की तरफ से जो दो मैच जीते वे इंडिया ओपन के विजेता लक्ष्य सेन और मिथुन मंजूनाथ ने पुरुष एकल में जीते, लेकिन किरण जॉर्ज आगे बढ़ने में नाकाम रहे। लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको ऑरा वार्डोयो को सीधे गेमों में 21-18, 27-25 से धूल चटाई, जबकि मिथुन मंजूनाथ ने योनाथन रामली को तीन गेमों के संघर्ष में 21-12, 15-21, 21-17 से हराया। युवा भारतीय खिलाड़ी जॉर्ज हालांकि इंडोनेशियाई इखसान लियोनार्डो से 13-21, 21-17, 10-21 से हार गए।वहीं पुरुष युगल में मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और मौलाना बगास की इंडोनेशियाई जोड़ी ने हरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार की भारतीय जोड़ी को 10-21, 10-21 से हराया। वहीं भारत के मंजीत ख्वैराकपम और डिंगकू कोंथौजम को लियो रोली और डेनियल मार्थिन से 16-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा महिला एकल में अश्मिता चालिहा एकमात्र विजेता रहीं। उन्होंने जापान की गुंजी रिको को तीन गेमों के कड़े संघर्ष में 21-17, 10-21, 21-19 से हराया।

## संक्षिप्त

### एनआरएआई ने शॉटगन विश्व कप टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने साइप्रस और पेरू में होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप 2022 के लिए शुक्रवार को भारतीय टीम की घोषणा की।प्रतियोगिता दो चरणों आठ से 19 मार्च तक साइप्रस की राजधानी निकोसिया और 27 मार्च से सात अप्रैल तक पेरू की राजधानी लीमा में आयोजित होगी। **भारतीय टीम (साइप्रस चरण) ट्रैप मैन एंड पुरुष ट्रैप टीम** : पृथ्वीराज तोंडईमन, विवान कपूर, जोरावर सिंह संधू। स्कीट पुरुष एंड पुरुष **स्कीट टीम**: गुरजोत सिंह खंगुरा, मैराज अहमद खान, अनंतजीत सिंह नरुका। **ट्रैप मिश्रित टीम**: पृथ्वीराज तोंडईमन और श्रेयसी सिंह, विवान कपूर और राजेश्वरी कुमारी। **ट्रैप महिला**: श्रेयसी सिंह, राजेश्वरी कुमारी। **स्कीट महिला**: माहेश्वरी चौहान, अरीबा खान। **स्कीट मिश्रित टीम**: गुरजोत सिंह खानूगरा और माहेश्वरी चौहान, मैराज अहमद खान और अरीबा खान। **भारतीय टीम (पेरू चरण) ट्रैप मैन**: शपत भारद्वाज, कियान चेनाई।स्कीट पुरुष एंड पुरुष स्कीट टीम : अमरिंदर सिंह चीमा, परमपाल सिंह गुरों, मुनेक बतूला। **ट्रैप मिश्रित टीम**: शपत भारद्वाज, शगुन चौधरी। **ट्रैप महिला**: शगुन चौधरी।

### भारत आईओसी के 2023 सत्र की मेजबानी के लिए लगाएगा बोली

**मुंबई।** भारत 2023 अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सत्र की मेजबानी मुंबई में करने के लिए शनिवार को अपनी बोली प्रस्तुत करेगा। आईओसी की सदस्य नीता अंबानी, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष डॉ. नरिंदर बत्रा, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता (बीजिंग 2008, निशानेबाजी) अभिनव बिंद्रा की मौजूदगी वाला भारतीय प्रतिनिधिमंडल चीन के बीजिंग में चल रहे शीतकालीन ओलंपिक खेलों के साथ-साथ शनिवार को आयोजित होने वाले 139वें आईओसी सत्र के दौरान आईओसी सदस्यों के सामने प्रस्तुति देगा।आईओसी के यूट्यूब चैनल पर सत्र का लाइव प्रसारण किया जाएगा। भारत द्वारा दोपहर 12.05 बजे अपनी बोली प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है। इसके बाद मूल्यांकन आयोग के अध्यक्ष द्वारा एक प्रस्तुतिकरण और बोली लगाने से पहले प्रस्तुतकर्ताओं के साथ सवाल-जवाब किए जाएंगे जो दोपहर एक बजे शुरू होंगे।

## मैक्सवेल व इंग्लिस की शानदार पारियों से जीता ऑस्ट्रेलिया

### श्रीलंका को छह विकेट से हराकर सीरीज में 4-0 की बढ़त ली

**मेलबर्न।** विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस (40) की तूफानी पारी और अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल (48) की जुझारू पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को यहां चौथे टी-20 क्रिकेट मैच में श्रीलंका को एकतरफा अंदाज में छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली।



ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर फील्डिंग चुनी और नपी-तुली गेंदबाजी करते हुए मेहमान टीम श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट पर 139 रन पर रोक दिया। फिर जवाब में इंग्लिस और मैक्सवेल की शानदार पारियों की बदौलत 18.1 ओवर में चार विकेट पर 143 रन बना कर मैच जीत लिया। मैक्सवेल ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर डीप मिडविकेट पर चौका जड़ कर मैच जिताया। उन्होंने ओवरऑल तीन चौकों की मदद से 39 गेंदों पर नाबाद 48 रन बनाए। वहीं इंग्लिस ने तीन चौकों और दो छक्कों के सहारे 20 गेंदों पर 40 रन की तूफानी पारी खेली। इससे पहले गेंदबाजी में झाई रिचर्डसन और केन रिचर्डसन ने दो-दो तथा एश्टन एगर और एडम जम्पा ने एक-एक विकेट लिया। मैक्सवेल को मैच विजयी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। श्रीलंका की तरफ से सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने चार चौकों की मदद से 40 गेंदों पर सर्वाधिक 47, जबकि कुशल मेंडिस ने एक चौके और दो छक्कों के सहारे 21 गेंदों पर 27 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में लहिरू कुमारा ने दो तथा महेश थीक्षाना और दुष्मंत चमीरा ने एक-एक विकेट लिया। दोनों टीमें अब रविवार को मेलबोर्न में ही सीरीज का पांचवां और आखिरी टी-20 मैच खेलेंगी।

### राजवर्धन हंगरगेकर पर धोखाधड़ी का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र के खेल एवं युवा विभाग के आयुक्त ओमप्रकाश बकोरिया ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2022 की विजेता भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी राजवर्धन हैंगरगेकर पर अपनी उम्र छिपाने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को की है।

समझा जाता है कि खेल आयुक्त ने बीसीसीआई को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने राजवर्धन द्वारा उम्र में धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े कुछ सबूत भी सौंपे हैं। महाराष्ट्र के एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक तेज गेंदबाज राजवर्धन की असल उम्र 21 साल है, लेकिन हाल ही में वह वेस्ट इंडीज में हुए अंडर-19 विश्व कप में खेले। इस टूर्नामेंट में राजवर्धन ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था और भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर पांचवीं बार अंडर-19 विश्व कप का खिताब जीता था।

## द. अफ्रीका पर हार का खतरा

### दूसरी पारी में मात्र 34 रन पर गंवाए तीन विकेट, न्यूजीलैंड ने कसा शिकंजा

**क्राइस्टचर्च।** दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में 387 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में अपने तीन विकेट मात्र 34 रन पर गंवा दिए और अभी पारी की हार से बचने के लिए उसे 353 रन बनाने हैं। इससे पहले न्यूज़ीलैंड ने तीन विकेट पर 118 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पहली पारी 482 रन पर समाप्त हुई।

न्यूजीलैंड की पारी में हेनरी निकोल्स ने 163 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 105 रन और टॉम ब्लंडल ने 138 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 96 रन बनाए। पहली पारी में सात विकेट लेने वाले मैट हेनरी ने 68 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से नाबाद 58 रन बनाये। पहली पारी में मात्र 95 रन पर लुढ़कने वाले दक्षिण अफ्रीका की



दूसरी पारी में भी खराब शुरुआत हुई और उसके तीन विकेट 4.1 ओवर में मात्र चार रन तक गिर गए। टीम साउदी ने दो और हेनरी ने एक बल्लेबाज को पवेलियन भेजा। स्टंप्स के समय तेम्बा बावुमा 20 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 22 और रैसी वान डेर डुसेन नौ रन बनाकर क्रीज पर थे।

### बंगाल वारियर्स ने पुणेरी पल्टन को हराया

**बेंगलुरु।** बंगाल वारियर्स ने दूसरे हॉफ में शानदार वापसी करके प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में शुक्रवार को यहां पुणेरी पल्टन को 43-36 से हराया। सातवें सत्र का चैंपियन बंगाल मध्यांतर तक 10 अंक से पीछे चल रहा था लेकिन उसने इसके बाद जबर्दस्त खेल दिखाया और जीत हासिल की। मनिंदर सिंह ने बंगाल की तरफ सुपर 10 (11 अंक) बनाया जबकि पुणे के लिये मोहित गोयत ने सर्वाधिक 15 अंक बनाए। पुणे के 21 मैचों में 61 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह बनाने के लिये जयपुर पिंक पैंथर्स के खिलाफ अपना आखिरी मैच हर हाल में जीतना होगा। वहीं दूसरे मैच में दबंग दिल्ली केसी ने 128वें मैच में तेलुगू टाइटंस को 40-32 से हरा दिया। दिल्ली की टीम सीजन की 12वीं जीत के साथ अगले चरण में प्रवेश करेगी।

## कनाडा के मैथ्यू स्पूर्स ने डेब्यू मैच में रचा इतिहास

**अल अमीरात।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप क्वॉलीफायर ए 2022 की शुरुआत ओमान की राजधानी अल अमीरात में हो गई है। टूर्नामेंट के पहले दिन का दूसरा मुकाबला कनाडा और फिलीपींस के बीच खेला गया।

इस मैच में कनाडा के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू स्पूर्स ने इतिहास रच दिया। स्पूर्स डेब्यू टी20 इंटरनेशनल मैच में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया में जन्मे 22 साल के स्पूर्स ने 66 गेंदों पर 108 रन की नाबाद पारी खेली। उनकी पारी में 14 चौके और 3 छक्के शामिल थे। उन्हें 3, 37 और 91 के स्कोर पर फिलीपींस के फील्डरों ने जीवनदान भी दिया। उन्होंने सर्बिया के लेस्ली डनबार का रिकॉर्ड तोड़ा। डनबार ने 2019 में बुल्गारिया के खिलाफ डेब्यू टी20 इंटरनेशनल मैच में 104* रनों की पारी खेली थी। अभी तक चार बल्लेबाज टी20 इंटरनेशनल के डेब्यू मैच में शतक लगा चुके हैं। इसमें कनाडा के ही दो बल्लेबाज हैं। स्पूर्स के अलावा रविंदरपाल सिंह ने 2019 में 101 रनों की पारी खेली थी।



# पदार्पण मैच में तिहरा शतक जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बने गनी

## 405 गेंदों में 84.20 के स्ट्राइक रेट से ठोके 341 रन

**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे दिन बिहार के बल्लेबाज सकीबुल गनी ने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। डेब्यू फर्स्ट क्लास मैच में तिहरा शतक जड़ने वाले सकीबुल पहले बल्लेबाज बन गए हैं। मिजोरम के खिलाफ बिहार की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी, लेकिन सकीबुल और बाबुल कुमार ने मिलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 71 रनों तक तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद सकीबुल और बाबुल ने कोई विकेट नहीं गिरने दिया और स्कोर को 600 रनों के पार पहुंचा दिया। सकीबुल 405 गेंदों में 84.20 के स्ट्राइक रेट 341 रन बनाकर आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 532 रनों की साझेदारी निभाई। डेब्यू फर्स्ट क्लास में सबसे ज्यादा स्कोर का रिकॉर्ड इससे पहले अजय रोहेरा के नाम दर्ज था। मध्य प्रदेश के रोहेरा ने हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2018-19 में नॉटआउट 267 रनों की पारी खेली थी। मैच में बिहार ने 686/5 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। जबाव में मिजोरम ने दिन का खेल समाप्त होने तक 40 रन पर तीन विकेट गवां दिए है।



### मप्र के खिलाफ मजबूत स्थिति में गुजरात

**राजकोट।** कप्तान प्रियांक पंचाल (52) मनप्रीत (53) और हेत पटेल (72) के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुजरात ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मुकाबले में मध्यप्रदेश के 274 रन के जवाब में दूसरे दिन छह विकेट पर 244 रन बना लिए और अभी वह 30 रन पीछे है। गुजरात के ओपनर कथन पटेल तीन और भार्गव मेराई चार रन बनाकर जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद प्रियांक पंचाल ने मनप्रीत के साथ मिलकर गुजरात को संभाला दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक करन पटेल 40 और कलरिया 6 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। मध्यप्रदेश के लिए ईश्वर पांडे ने तीन विकेट लिए। इससे पहले नगवासवाला के पांच विकेट के विकेट के दम पर गुजरात ने मध्यप्रदेश को 274 रन पर समेट दिया।

### दिल्ली के लिए ललित ने जड़ा शतक

ललित यादव के अपने प्रथम श्रेणी करियर के पहले शतक से बड़ा स्कोर खड़ा करने वाली दिल्ली की टीम ने ग्रुप एच के मैच में अपनी पकड़ मजबूत बना ली। युवा बल्लेबाज यश धुल (113) के बाद ललित ने बल्लेबाजी का जिम्मा संभाला तथा 177 रन की लाजवाब पारी। इससे दिल्ली ने अपनी पहली पारी में 452 रन बनाए। तमिलनाडु ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 75 रन बनाए हैं और वह दिल्ली से 377 रन पीछे है।

### घोष ने रेलवे को संभाला

**चेन्नई।** अरिंदम घोष ने नाबाद 78 रन बनाकर रेलवे को कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच में शुक्रवार को यहां कृष्णप्पा गौतम के झटकों से वापसी दिलायी। कर्नाटक ने के सिद्धार्थ (146) और कप्तान मनीष पांडे (156) के शतक तथा गौतम के 52 रन की मदद से अपनी पहली पारी में 481 रन बनाए। रेलवे की तरफ से तेज गेंदबाज युवराज सिंह ने 93 रन देकर पांच विकेट लिए। रेलवे को इसके जवाब में एम देवधर (56) और केदार सिंह (59) ने पहले विकेट के लिये 110 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलायी लेकिन गौतम (71 रन देकर तीन) ने उसकी प्रगति पर रोक लगाने की कोशिश की। ऐसे में घोष की तेजतर्रार पारी से रेलवे ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 213 रन बनाए और वह अब कर्नाटक से 268 रन पीछे है।

### सनराइजर्स हैदराबाद को बड़ा झटका, इमन कैटिच ने दिया कोच के पद से इस्तीफा

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग की सनराइजर्स हैदराबाद टीम एक बार फिर गलत कारणों से सुर्खियों में आ गई जब नीलामी में महंगे दामों पर कुछ खिलाड़ियों को खरीदने से खफा सहायक कोच और आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज साइमन कैटिच ने इस्तीफा दे दिया। कैटिच, वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा और भारत के पूर्व बल्लेबाज हेमांग बदानी को सनराइजर्स के सहयोगी स्टाफ में जोड़ा गया था जिसमें मुख्य कोच टॉम मूडी और मुथैया मुरलीधरन भी हैं।कैटिच ने नीलामी के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया। काव्या मारन की अगुवाई वाले सनराइजर्स प्रबंधन ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है लेकिन समझा जाता है कि उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। मशहूर कोच साइमन हेलमोट की वापसी हुई है जो पहले भी टीम के साथ काम कर चुके हैं। द आस्ट्रेलियन की रिपोर्ट के अनुसार कैटिच ने इस्तीफा इसलिये दिया क्योंकि दो दिवसीय नीलामी में पूर्व निर्धारित रणनीति का पालन नहीं किया गया।

# बीजेपी में बेटियों का सम्मान नहीं : नदीम जावेद

## केशव प्रसाद के प्रियंका बेटी नही, आंटी के बयान पर भड़के कांग्रेस नेता



प्रखर खेतासराय जौनपुर। कांग्रेस अल्पसंख्यक ईकाई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सदर प्रत्याशी नदीम जावेद ने लॉव लश्कर के साथ शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर रोड शो किया।विभिन्न जगहों पर रुक कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भारी भरकम जुलूस से ट्रैकफिक निजाम ध्वस्त हो गया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के उस बयान पर जिसमें उन्होंने कहा था कि 'प्रियंका लडकी नही आंटी है' पर बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। शनिवार की दोपहर भारी भरकम लॉव लश्कर के साथ नदीम जावेद ने रोड शो निकाला।सरायख्वाजा, जपटापुर, गुरैनी मनेछा होते हुए खेतासराय कस्बा पहुँचे।पोस्ट ऑफिस मुहल्ला होते हए पैदल ही दुकानदारों और स्थानीय लोगों से जनसम्पर्क किया। यहाँ मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए पूर्व विधायक नदीम जावेद ने कहा कि जनता बीजेपी सरकार से आजिज हो चुकी है, यहाँ के मंत्री सिर्फ शिलान्यास किए है। धरातल पर कोई कार्य नही किया है।डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य द्वारा प्रियंका गांधी के बयान पर जमकर निशाना साधा कहा, इस पार्टी में महिलाओं के प्रति क्या सोच है,जो दशार्ता है। उन्होंने शर्मनाक बताते हुए बीजेपी को इस पर अपना स्टैंड रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वामिक अंसारी, जुल्फी खान, आफताब अहमद, हुजैफा खान,शिवम चौरसिया,मो अदनान समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

**बिना अनुमति जुलूस निकलने पर नदीम पर आचार संहिता के उलंघन में केस**– खेतासराय जौनपुर। अपने प्रचार प्रसार में निकले कांगेस प्रत्याशी नदीम जावेद पर आचार संहिता के उलंघन में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।उन पर आरोप है बिना अनुमति के रोड शो निकालना, हूटर बजाना,भारी भरकम लोगों के साथ भ्रमण करने पर खेतासराय कस्बे में ट्रैफिक व्यवस्था ठप हो गई।थानाध्यक्ष की तहरीर पर नदीम समेत दो सौ लोगों पर कोविड गाइड लाइन को अनुपालन न करने समेत कई धाराओं में मुकदमा कायम हुआ।नदीम ने सत्ता के इशारे पर विपक्ष को कमजोरकरने के लिए कार्रवाई बताया।

# प्रधानमंत्री के अनुज पंकज मोदी ने शक्तेसगढ़ आश्रम में स्वामी अड़गड़ानंद जी का लिया आशीर्वाद



प्रखर मिजार्पुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाई पंकज मोदी विगत कुछ दिनों से काशी प्रवास पर हैं , काशी खंड के विभिन्न धर्मस्थलों एवं मंदिरों में दर्शन पूजन करने के उपरान्त वे आज चुनार के शक्तेसगढ़ स्थित परमहंस आश्रम में दर्शन पूजन करने पहुँचे थे। परिसर में पूजा एवं ध्यान के बाद उन्होंने पूज्य स्वामी अड़गड़ानंद जी के दर्शन किये एवं उनका आशीर्वाद लिया। पंकज मोदी ने स्वामी अड़गड़ानंद जी से राष्ट्र हित एवं राष्ट्र निर्माण के क्रम में चल रहे उनके संकल्प सिद्धि के आलेख में आशीर्वाद एवं दिशा निर्देश देने की प्रार्थना भी की। इस अवसर पर स्वामी अड़गड़ानंद जी ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण सबका दायित्व है एवं सभी को अपने सामर्थ्य अनुसार इस दायित्व की पूर्ती करनी चाहिये। आश्रम दर्शन के पश्चात पंकज मोदी काफी देर तक परिसर में रहे और वहां से बाहर आने के बाद स्थानीय मीडिया से हुयी एक अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने बताया कि "यह स्थान अपने आप में अभूतपूर्व है और स्वामी जी दर्शन के पश्चात मुझे शांति एवं दर्शन का पुण्य लाभ मिला है।

## पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर कार्यक्रम का समापन विजेता टोलियों को किया गया सम्मानित

चकिया/चंदौली। सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चकिया में रोवर्स रेंजर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम शुक्रवार को समापन किया गया। जहां प्रशिक्षकों द्वारा रोवर्स रेंजर्स को स्काउट नीति, नियम , सिद्धांत एवं प्राथमिक चिकित्सा, योगा, गांठ बंधना, पोस्टर, निबंध, व्याख्यान, रोल प्ले, एवं टेंट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर टोलियों का निरीक्षण किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैय्यद अंसारी व अध्यक्षता कर रही प्राचार्या/ संरक्षिका डॉ संगीता सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीपप्रज्वलन कर किया गया । इस अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अनुशासन और सामाजिक दायित्व के प्रति अपने रुझान प्रगट करने की प्रेरणा प्रदान किया। वहीं रोवर्स रेंजर्स के प्रतिभागियों ने देशभक्ति गायन, प्रेरणात्मक नाटक, और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। तत्पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया । जिसमें प्रथम स्थान झाँसी की रानी की टोली , द्वितीय स्थान इंदिरा गाँधी टोली एवं तृतीय स्थान रानी लक्ष्मीबाई बाई टोली रही । बेस्ट रेंजर अनुश्रेया चक्रवर्ती एवं बेस्ट रोवर दीपक कुमार ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि सैय्यद अंसारी ने रोवर्स रेंजर्स के प्रतिभागियों को राष्ट्र के प्रति ,दूसरे और अपने प्रति सेवा-भाव को उद्देश्य बताया। इसके लिए लगन, समर्पण और ईमानदारी की जरूरत होती है।

## सरकारी दुकानों से द्वितीय चक्र का वितरण 22 से

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सरकारी कोटे की दुकानों से फरवरी माह में द्वितीय चक्र के तहत खाद्यान्न के साथ निःशुल्क चीनी का वितरण 22 फरवरी से होगा। जिलापूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि द्वितीय चक्र में पात्रगृहस्थी के कार्डधारकों को प्रति ब्यक्ति पाच किलो खाद्यान्न तीन किलो गेंहू व दो किलो चावल तथा अंत्योदय कार्ड धारकों को खाद्यान्न के साथ निशुल्क चीनी का वितरण 22 फरवरी 28 फरवरी तक होगा। वही शासन के निर्देश पर प्रथम चक्र का वितरण 20 फरवरी तक चलेगा।

# सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो - विद्यार्थी परिषद

प्रखर जौनपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी जिला द्वारा आगामी हो रहे विधानसभा चुनाव के निमित्त मेरा वोट मेरी आवाज के तहत चौपाल के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय सेवापुरी में छात्राओं के साथ मतदाता जागरूकता अभियान निकाला सेवापुरी विधानसभा संयोजक विनय पांडेय ने बताया कि यह लोकतंत्र का महापर्व है , न क्षेत्र वाद न जाती वाद सबसे ऊपर राष्ट्रवाद, सबको इस पर्व में सह भाग करना चाहिए अपने एक एक वोट की कीमत समझना पड़ेगा उन्होंने बताया कि इस वर्ष मतदान में छात्राओं की सहभागिता अधिक से अधिक हो उन्होंने बताया युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा सेवा और मतदान तथा लोकतंत्र का भाग्य विधाता होगा जागरूक मतदाता, विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अश्वनी सिंह ने बताया कि जो सरकार अच्छी शिक्षा दें नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दें एवं उत्तर प्रदेश की को सरकार सभी बहू बेटियां की रक्षा करें और इसकी सरकार में महिलाएं




सुरक्षित हो,तथा सभी सरकारी योजनाएं बिना किसी भेद भाव के मिले उसी को वोट करें ।

उन्होंने बताया कि पहले रेप मामले पर कुछ वरिष्ठ नेता बोलते थे कि लड़कों से गलती हो जाती है, वर्तमान समय में बलात्कार करने वाले सलाखों के पीछे हैं और फांसी के फंदे पर झूल रहे हैं ।राजातालाब तहसील के संयोजक राम रेस तिवारी ने बताया कि मतदान करना हमारा सबसे पहला मूल कर्तव्य और इस कर्तव्य को हमें जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए तथा स्वयं मतदान करना चाहिए और दूसरे लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए इस दौरान कार्यक्रम के अध्यक्ष, वहां के प्राचार्य डॉ सुधा पांडेय ने किया ।इस दौरान भारी संख्या रीना,अंकिता,शिल्पा,सीमा,अनुराधा, नित्या,मनीषा,दीपिका,सुमन सहित भारी संख्या में छात्रा उपस्थित रही।

# विद्यार्थी परिषद ने ढढोरपुर गांव में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रखर वाराणसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी जिला द्वारा सेवापुरी विधानसभा के ढढोरपुर गांव में मेरा वोट मेरी आवाज के तहत ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूकता अभियान निकाला गया। साथ ही जन चौपाल लगाकर मतदाताओं के साथ वातालर्लाप किया गया। सेवापुरी विधानसभा संयोजक विनय पांडेय ने बताया कि सभी लोग अपने एक एक वोट की कीमत को समझें जो अनमोल है। मतदान उसी को करें जो राष्ट्र का भला चाहता हो आपका भला चाहता हो साथ ही बिना किसी लोभ और लालच के बिना मतदान करें विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अश्वनी सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि आज का समय डिजिटल इंडिया का समय है। सभी लोग समझदार हैं अपना मतदान उसी को करें जो दंगा मुक्त, भयमुक्त, गुंडागर्दी से मुक्त ,माफियाओं से उत्तर प्रदेश को मुक्ति दिलाएं तथा शिक्षा में सुधार लाएं जो सरकारी स्कूलों अस्पतालों का कायाकल्प बदल दे मतदाता भाग्य विधाता होते हैं उत्तर प्रदेश का भाग्य मतदाताओं के हाथ में है। राजातालाब तहसील संयोजक राम रेश तिवारी ने बताया। कि नोटा का प्रयोग बिल्कुल मत करें आपके घर परिवार के लोग अगर कहीं गए हैं तो मतदान के समय उनको अवश्य बुला लें क्योंकि आपके एक एक वोट की कीमत है उन्होंने यह भी कहा कि सारे काम छोड़ कर पहले आप मतदान करने जाएं पहले मतदान फिर जलपान यह लोकतंत्र का महापर्व है इस दौरान उषा देवी,मनोरमा देवी,मंजू देवी,कृष्णावती ,हीरावती,उर्मिला,इंद्रावती देवी, महेश विश्वकर्मा राजाराम राजभर,नन्हकू राजभर,लक्ष्मी,राजकुमार,मुन्ना सहित भारी संख्या में पुरुष व महिला मतदाता उपस्थित रहे।




## संगीतमय रामचरितमानस का आयोजन सोमवार को

प्रखर गाजीपुर। राष्ट्र तथा मानवता की सेवा में रत आध्यात्मिक ऋषि मुनियों की सिद्ध पीठों की पवित्र धरती गाजीपुर के मनिहारी क्षेत्र के बेसो नदी तट पर यूसुफपुर (खड़वा) में स्थित अति प्राचीन राम जानकी मंदिर (ठाकुरद्वारा) में संगीतमय रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया है। ठाकुरद्वारा मंदिर के मुख्य पुजारी हरि प्रपन्न द्विवेदी जी ने बताया कि यह मंदिर अत्यन्त पुराना है और क्षेत्र के दर्जनों गावों का पूजनीय स्थल है। यहां विगत 2 वर्षों से लगातार हर मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। मानवता की रक्षा तथा धर्म की स्थापनार्थ व लोगों में मानवीय भावना जागृत करने के उद्देश्य से इस वर्ष 21 फरवरी दिन सोमवार को प्रातः नौ बजे से रामचरितमानस का संगीतमय पाठ आयोजित है। इसके उपरांत दूसरे दिन मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से संपूर्ण सुंदरकांड पंक्ति पर यज्ञाहुति हवन और संध्या समय भजन संध्या एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने भक्ति भावना से ओतप्रोत क्षेत्रीय जनों व श्रद्धालुओं से इस सुअवसर पर उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

## एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर MLC ए.के. शर्मा ने जताया सभी का आभार

प्रखर लखनऊ। उप्र विधान परिषद सदस्य व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व आईएएस अधिकारी ए.के. शर्मा ने जब आज से एक वर्ष पूर्व स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर भाजपा के साथ अपनी




राजनैतिक पारी का आगाज किया तो उस समय पूरा विश्व कोरोना महामारी से त्राहिमाम कर रहा था। भारत भी कोरोना महामारी के दंश से अछूता नहीं था। ऐसे में पीएम मोदी के विश्वासपात्र अधिकारी के रूप में जाने जाने वाले ए.के. शर्मा ने फरवरी 2021 लखनऊ में भाजपा में शामिल होकर एमएलसी का पदभार ग्रहण किया। साथ ही उन्हें पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष भी बनाया गया। इसी बीच कोरोना की दूसरी लहर ने पूरी मानवता को भारी संकट में डाल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर तत्काल वाराणसी के शहरी एवं ग्राम्य क्षेत्र में कोविड की रोकथाम हेतु कार्य किया जिसमें वाराणसी में काशी कोविड रिस्पांस सेंटर की स्थापना प्रमुख है। इस KCRC में तीन शिफ्ट में 20-20 व्यक्ति दिन-रात फोन उठाते थे, जो लोगों की समस्याओं का बिना देरी किए समाधान करते थे, इनको पूरी ट्रेनिंग दी गई थी। स्वयं ए.के. शर्मा लगातार 40 दिनों तक वाराणसी में प्रवास कर कोविड से जूझ रहे लोगों की मदद करते रहे। जहां बीमार वहीं उपचार का कोरोना नियंत्रण का वाराणसी मॉडल पूरे देश में विख्यात हुआ। प्रधानमंत्री द्वारा भी इसकी काफी सराहना की गई। हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर में जो कमियां थी उन्हें तत्काल दूर करवाया जिसके चलते ऑक्सीजन युक्त बेड की संख्या जो अप्रैल 2021 में 400 थी वह 10 गुना बढकर 4000 हो गई। 750 बेड का कोविड अस्पताल मात्र 18 दिन में शुरू किया गया।

# क्षेत्र की जनता का प्यार मिला तो जुमलेबाजी नही विकास कर के दिखायेंगे : राजेश गौतम

**कॉंग्रेस पार्टी विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ रही हैं:फैशल हसन, कांग्रेस केंद्रीय कार्यालय का किया गया उद्घघाटन**

प्रखर केराकत जौनपुर । आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केराकत मोहल्ले के नरहन पेट्रोल टंकी के समीप शनिवार की दोपहर में केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय का उद्धघाटन बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष फैशल हसन तबरेज ने फीता काटकर किये।इस दौरान उन्होंने ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए बताया कि आज से ही हम लोगो को डोर टु डोर जाकर लोगो को जागरूक करने के साथ राजेश गौतम को वोट करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। कांग्रेस पार्टी को इस बार केराकत की जनता अपना प्यार व आशीर्वाद जरूर देंगी। कांग्रेस पार्टी मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है हमारी पार्टी चुनाव से पहले ही महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकट देकर यह सावित कर दिया है कि महिलाओं के हितों के बारे में अगर कोई सोच सकता है तो वह एक मात्र पार्टी हैं कांग्रेस पार्टी हैं।हमारी पार्टी जुमलेबाजी नही करती हैं बल्कि विकास की बात करती है।



**जुमलेबाजी नही विकास कर के दिखाएंगे:राजेश गौतम**– मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राजेश गौतम ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो विधानसभा क्षेत्र से ही अपना उम्मीदवार घोषित करती हैं बाकी सभी पार्टियां केराकत विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को ही टिकट देकर यहाँ का उम्मीदवार बनाती हैं।मैं एक सवाल सभी राजनीतिक पार्टियों से पूछना चाहता हूँ कि क्या केराकत व डोभी क्षेत्र में पार्टी के लिए अपना सर्वोच्च योगदान देने वाले कार्यकताओं पर पार्टी भरोसा क्यो नही करती हैं जो कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी से पार्टी में काम करते हुए अपना जीवन बीता दिए। उनपर आखिर पार्टी क्यो नही ध्यान देती है।केराकत विधानसभा की जनता हर पार्टियो के उम्मीदवार पर भरोसा जताकर विधानसभा भेजती हैं पर वह उम्मीदवार चुनाव जीतकर क्षेत्र का विकास करना ही भूल जाता हैं क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं को लेकर जनपद में विराजमान हुए विधायक से मिलने जाती हैं पर वहाँ जाकर मिलती है तो केवल उदासी।अगर क्षेत्र की जनता अपना प्यार व आशीर्वाद दिया तो केराकत विधानसभा के सर्वांगीण के लिए हर सम्भव प्रयासरत रहेंगे।हर समय केराकत क्षेत्र के जनता के बीच रहकर क्षेत्र की छोटी बड़ी समस्याओं का निदान करेंगे।क्षेत्र की जनता ने मौका दिया तो क्षेत्र में जुमलेबाजी नही बल्कि विकास कर के दिखाएंगे इस अवसर पर जिला सचिव नीरज राय, शिवशंकर सिंह, नगर अध्यक्ष आजाद कुरैशी,आशु सिंह, खुर्शीद खान,मंडल अध्यक्ष सुभाष सिंह दीपक साहू,धर्मराज चक्रवर्ती, नन्हे खान,सत्येंद्र दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व व्यवस्था के संबंध मे महाशिवरात्रि के अवसर पर मार्ग व्यवस्था के संबंध में वार्ता व बैठक की गई

प्रखर वाराणसी। एसीपी कोतवाली त्रिलोचन त्रिपाठी द्वारा थाना आदमपुर में प्रभारी निरीक्षक व उपनिरीक्षक गण की उपस्थिति में स्थानीय लोगों एवं प्रमुख व्यक्तियों पुरोहित एवं मुस्लिम धर्मगुरु से उक्त कार्यक्रम के संबंध में वार्ता की गई,पूर्व की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, महाशिवरात्रि के अवसर पर होने के मार्ग व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित मंदिर और भक्तों एवं श्रद्धालुओं के आने जाने रास्तों का का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## कम मतदान वाले गांव में निकला जनजागरूकता रैली




प्रखर पिंडरा वाराणसी। जिला प्रशासन द्वारा मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर तरह के प्रयास में जुटी हुई है। इसी क्रम में पिंडरा विस क्षेत्र में स्थित दो दर्जन मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए वोटिंग बढ़ाने के लिए स्वीप अभियान के तहत विशेष जनजागरूकता रैली निकाली जा रही है। उसी क्रम में शनिवार को पिंडरा के बिंदा ग्राम सभा में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अभियान चला। जिसमे मजरे व पुरवे में जाकर ग्रामीणों को मतदान के फायदे और लोकतंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान लोगों से अधिकाधिक संख्या में आगामी विस चुनाव में मत डालने की अपील की। जिससे एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना हो सके। इस खण्ड शिक्षा अधिकारी मंगरु राम ने ग्रामीणों से 7 मार्च को पहले मतदान फिर जलपान के संकल्प के साथ मतदान करने की अपील की। इस दौरान नोडल संकुल अखिलेश मिश्रा, शेषनाथ वर्मा, प्रमोद सिंह, विजय प्रकाश चौधरी, राजेश मौर्य, पप्पू गिरी, अखिलेश सिंह, जालिम सिंह समेत फूलपुर संकुल के दर्जनो शिक्षक, ग्रामीण महिला पुरुष के साथ सैकड़ो बच्चे शामिल हुए।

## वीआईपी प्रत्याशी के मामी का निधन कार्यकर्ताओं में शोक की लहर



प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के चौकिया गांव निवासी व वीआईपी प्रत्याशी पप्पू भारती के मामी सुमित्रा देवी का शनिवार देर शाम निधन हो गया निधन की खबर जैसे ही कार्यकताओं को हुए तो शोक की लहर दौड़ पड़ी बता दे कि पप्पू भारती के मामी जिनकी उम्र लगभग 85 साल थी जो लंबे समय से बीमार चल रही थी उनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज के दौरान उनका निधन हो गया परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए क्षेत्रवासियों सहित कार्यकताओं का पैतृक निवास चौकिया पर तांता लगा रहा।

## खेत में लगाए गए नंगे तार में दिए गए करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी महिला की गुरुवार को दोपहर में पशुओं से बचाव के लिए खेत में लगाए गए नंगे तार एवं उसमें दौड़ाएं गये करेंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई । जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मदारपुर गांव की महिला रीता देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी संजय साहनी अपने पशुओं को घास काटने के लिए सिवान में गई हुई थी । जहां घास काटते समय खेत में पशुओं की सुरक्षा के लिए लगाए गए तार एवं उसमें दौड़ाएं गये बिजली के करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई । स्वजनों ने बताया कि रीता देवी अपनी जेठानी के साथ खेत में पशुओं के चारा के लिए घास काटने गई थी जहां खेत में रीता को करंट लगने के बाद वह तड़फड़ाने लगी तो जेठानी ने बचाने का प्रयास किया तो वह भी करंट की चपेट में आ गई । इस पर जेठानी ने शोर मचाना शुरू किया इस पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और रीता को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा आएं जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया । इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतिका के पति संजय साहनी की तहरीर पर गलत ढंग से खेत में करंट लगाए खेत स्वामी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है ।

## केराकत पुलिस द्वारा तीन वारंटी को भेजा गया न्यायालय



प्रखर केराकत जौनपुर। अपराध एवं अपराधियो तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर डॉक्टर संजय कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी शुभम तो के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देश पर केराकत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व में तीन वांछित वांछित वारंटी रतन जायसवाल पुत्र गोपाल जायसवाल निवासी नरहन, कल्लू जायसवाल पुत्र विरेंद्र जायसवाल, दर्शन जायसवाल पुत्र श्रीचंद जायसवाल जो नरहन गाँव निवासी को शनिवार की सुबह नरहन से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायालय भेजा गया।

## विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, आम जनता को किया जागरूक

प्रखर संतकबीरनगर। मतदाताओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके तहत एम एन इंटर कालेज के छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। छात्राएं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्लोगन युक्त तख्ती अपने हाथों में लेकर चलीं। रैली में छात्राएं देश का भाग्य विधाता बने आप मतदाता, सबसे बड़ा दान मतदान, धनबल जनबल बुद्धि अपार मतदान बिना सब बेकार, बूथ तक जाना है, हमने यही ठाना है। भाई बहना मानो मेरा कहना, वोट का अधिकार है हम सबका गहना। करे राष्ट्र का जो उत्थान, करें उसी को हम मतदान। सुखी जीवन के रास्ते सामाजिक सरोकार के वास्ते। छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान। घर-घर साक्षरता ले जाएंगे, मतदाता जागरूक बनाएंगे के नारे तख्तियों से दर्शाए। मौके पर प्रधानाचार्य सालिम हासमी, इसरा अहमद,सहबाज अहमद,सईद अहमद,खालिद हुसैन, अरबाज अहमद,अफकार अहमद,हबीबुर्रहमान,प्रवेश कुमार, अमित कुमार,सुमित कुमार, सूफिया खातून, फरजाना खातून, साना खान,कुलसुम, सना कुरैशी, खदीजा खातून,आसिया खातून,मैसरा खातून,संतोष सोनी आदि लोगो मौजूद रहे।



# सैदपुर विधानसभा में जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रत्याशी की पत्नी पर हमला

## सैदपुर गठबंधन प्रत्याशी सुभाष पासी के ऊपर हमला लगातार जारी, एक दिन पहले ही संपर्क वाहन पर लगे पोस्टर को फाड़ दिया गया था





रीना पासी


सपना सिंह (जिला पंचायत अध्यक्ष गाजीपुर)

प्रखर सैदपुर। सैदपुर 374 सुरक्षित विधानसभा के प्रत्याशी सुभाष पासी की पत्नी रीना पासी और जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह पर जानलेवा हमला किया गया है। जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान सादात थाना अंतर्गत ग्रामसभा कउड़ा, इकरा-कुड़वा में लोगों से जनसम्पर्क कर लौट रही थी। उनके साथ गाजीपुर की वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह भी थी। जैसे ही रीना पासी और उनके समर्थक जनसंपर्क के बाद गांव के बाहर निकले थे ग्राम सभा इकरा-कुड़वा के पास कुछ लोगों ने गाड़ी पर पत्थरों से हमला कर दिया जिसकी वजह से साथ में चल रहे वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और उनके शीशे चारों तरफ से टूट गए हैं। बता दें इस संदर्भ में सादात थाना को सूचना दे दी गई है। इस संदर्भ में पुलिस ने कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है । बता दें कि इसके पहले शुक्रवार दिनांक 18 फरवरी को खानपुर थाना अंतर्गत जनसंपर्क के दौरान चल रहे संपर्क वाहन पर लगे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पोस्टरों को फाड़ दिया गया था । मामला पुलिस प्रशासन में होने के बावजूद इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई । लिहाजा उपद्रवियों ने एक बार फिर प्रशासन को चुनौती देते हुए शनिवार दिनांक 19 फरवरी को उनके साथ चल रहे वाहन पर हमला कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह प्रत्याशी सुभाष पासी की पत्नी करीना पासी के अलावा उनके साथ भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रघुवंश सिंह,मंडल अध्यक्ष मारकंडे चौहान, अरुण राजभर,लालपरिखा पटवा, दीलिप पाण्डेय,मोतीलाल विश्वकर्मा, सत्यप्रकाश सिंह, राजू सिंह,राजेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। बता दें कि समाजवादी पार्टी छोड़ कर निषाद पार्टी और भारतीय जनता पार्टी गठबंधन के पर टिकट पर सैदपुर सुरक्षित से चुनाव लड़ रहे सुभाष पासी के समर्थकों के साथ लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। सवाल यह है कि आखिर पुलिस इस मामले में चुप्पी साधे क्यों बैठी हुई है।

## किला के सामने आगामी 7 मार्च को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

प्रखर वाराणसी। शनिवार को बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल तथा आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय, डोमरी,पड़ाव, वाराणसी के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं ने रामनगर किला के सामने आगामी 7 मार्च 2022 को होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए "नुक्कड़ नाटक" की प्रस्तुति कर लोगों से अपील की कि सारा काम करते हुए मतदान अवश्य करें 18 वर्ष से ऊपर के सभी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो तथा जाति, धर्म, और क्षेत्र से ऊपर उठकर अपने उज्जवल भविष्य के लिए अपने मत का प्रयोग कर एक अच्छी सरकार चुनें। उक्त "मतदाता जागरूकता" नुक्कड़ नाटक में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक बच्चे एवं पवन चौबे, दीपक कुमार मिश्रा, हरेंद्र पांडेय, श्वेता पांडेय, सपना सिंह, सोनिया मिश्रा, अनीता पांडेय, ज्योति झा, डॉ अरुण कुमार दुबे आदि अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## किसानों द्वारा प्रस्तावित धरना प्रदर्शन प्रशासन की सूझबूझ से टाला गया



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह के आह्वान पर धान बेचने से बंचित रह गए किसानों द्वारा ब्लाक मुख्यालय जमालपुर पर धान लेकर पहुंचने का कार्यक्रम था।जिसको संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा चौधरी रमेश सिंह को उनके आवास पर ही रोकने का प्रयास किया गया,फिर वहां से उनको थाना- जमालपुर,मीरजापुर लाया गया। जानकारी होने पर इस दौरान कुछ किसान भी आ गये।काफी बातचीत होने के बाद थानाध्यक्ष अरविंद सरोज एवं चौकी प्रभारी शेरवां मय फोर्स किसान नेता के साथ ब्लाक मुख्यालय जमालपुर पहुंचे,जहां विकास खण्ड अधिकारी जमालपुर व एडीओ कोआपरेटिव जमालपुर के साथ बैठकर धान खरीद को लेकर विचार-विमर्श हुआ।बात-चीत में एडीओ कोआपरेटिव द्वारा धान खरीदी को लेकर शासनादेश का विस्तृत हवाला देकर बताया गया कि जमालपुर ब्लाक अंतर्गत पीसीएफ के कुल ०७ क्रय केंद्र २८ फरवरी तक चलेगा,जिसमें प्रतिदिन ९० कुंतल धान की खरीदारी होंगी तथा प्रति किसान सिर्फ३० कुंतल धान वह भी सिर्फ नये किसानों का ही धान खरीदा जायेगा।चौधरी रमेश सिंह ने कहा कि इस तरह से तो बहुत सारे किसान धान बेचने से बंचित रह जायेंगे।इसलिए धान खरीदी का समय सीमा बढ़ाये जाने की जरूरत है,क्योंकि बीच-बीच में कई बार क्रय केंद्रों पर धान की खरीदारी बंद रही है।एडीओ कोआपरेटिव द्वारा खरीदारी की समय-सीमा शासन द्वारा कुछ दिन बढ़ाये जाने की संभावना व्यक्त की गई।इस दौरान किसान विज्ञान सिंह, चंद्र देव सिंह, अवध नरायन सिंह, त्रिभुवन चौबे,भानु सिंह, शिवयती देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## आजमगढ़ सदर में समाजवादी पार्टी के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



प्रखर मेहनगर आजमगढ़। विधानसभा चुनाव बिल्कुल नजदीक आ गया है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के द्वारा आजमगढ़ सदर में केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया।बतादें की शुक्रवार 18 फरवरी को सदर विधानसभा के उचेगांव में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव,बूथ प्रभारी पवन दुबे,शिवमूरत यादव,रागिनी सिंह,पप्पू यादव,मुकेश राजभर व अन्य सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।विजय यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की यह कार्यालय इसलिए यहां निर्मित हो रहा है ताकि लोगों की समस्याओं का निराकरण जमीनी स्तर से किया जा सके।और दबे कुचले लोगों का विकास हो सके। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पंडित पवन कुमार दुबे के आचार्यत्व में संपन्न हुआ।

## युवा संसद का हुआ आयोजन



प्रखर कछवा रोड वाराणसी । जगतपुर पीजी कॉलेज जगतपुर वाराणसी के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन हरिश्चंद्र महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ कनक लता ने नशा मुक्ति के विषय में स्वयंसेवकों को संबोधित किया इसके बाद युवा संसद का आयोजन किया गया जिस के संचालक प्रियंका शर्मा ने किया वहीं स्वयंसेविका आस्था गोस्वामी ने" मेरा मत मेरा भविष्य" पर विस्तृत भाषण दिया अपने वक्तव्य के दौरान आस्था गोस्वामी ने कहा की मत का प्रयोग बेहद सोच समझ करना चाहिए क्योंकि आपका मत एक निश्चित समय के लिए किसी को सत्ता में ला सकती है यदि आप मत सूझबूझ के साथ देंगे तो आपका भविष्य उज्जवल रहेगा । भाषण के दौरान युवा संसद से उठे सवालों के जवाब भी दी इसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव और कृपाशंकर सिंह स्वमसेवको में , प्रदीप गौड़ ,आसेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश दुबे, अंजनी कुमार,आशुतोष गिरी , भागवती सिंह, विशाल चौहान आदि लोग उपस्थित रहे । डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने आस्था गोस्वामी , अंजनी त्रिपाठी आदि को सम्मानित किया ।

## अनियंत्रित होकर बोलेरो पलटी, तीन लोग घायल

प्रखर अहरौरा (मिजार्पुर)। जमुई-अहरौरा मार्ग पर स्थित थाना क्षेत्र के मेंहदीपुर सड़क पर तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन शुक्रवार बीती रात बोलेरों में कुल चार लोग सवार होकर कानपुर से किसी वैवाहिक कार्यक्रम से होकर जमुई के रास्ते होते हुए जमालपुर तेतरिया जा रहे थे, तभी अहरौरा क्षेत्र के मेंहदीपुर गांव के समीप बोलेरो अनियंत्रित हो पलट गई,बोलेरे में बैठे कुल ड्राईवर सहित चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहूंची पुलिस ने घायल प्रमोद पटेल पुत्र अशोक पटेल 32 वर्ष निवासी आजमगढ़, दूसरा सतीश कुमार पुत्र रणजीत पटेल निवासी जंसवा अहरौरा, तीसरा राजकिशोर यादव पुत्र स्वर्गीय लवटु यादव निवासी महसिया थाना ताबतपुर जनपद आजमगढ़ को अहरौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इलाज के लिये भिजवाया गया, जहाँ पर चिकित्सकों ने राजकिशोर यादव की हालत गंभीर देख वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया और दो लोग को प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित घर भेज दिया गया।

## बरियासनपुर के किसानों ने निकाला कैंडल मार्च - अशोक प्रजापति

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। किसान नेता अशोक प्रजापति किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रिंग रोड फेज 2 जो बरियासनपुर में बन रहा है अंडरपास की मांग को लेकर किसानों का अनवरत धरनाजारी है आज धरना का 65 वां दिन है बरियासनपुर से लेकर चिरईगांव ब्लॉक तक किसानों ने 1000 की संख्या में कैंडल मार्च निकाला कैंडल मार्च निकालकर किसानों ने सरकार और प्रशासन को अवगत कराने का काम किया है कि जब तक अंडर पास नहीं बन जाता है यह धरना जारी रहेगा यदि अंडरपास नहीं बनता है तो इस गांव के किसान इस बार 2022 के चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे क्योंकि जिलाधिकारी एनएचए आई के पीडी महोदय ने कई बार किसानों को आश्वासन दिया है कि आप अंडर पास बन जाएगा पर आज तक नहीं बना इस क्षेत्र के विधायक कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर जी किसानों से मिलकर आश्वासन दिए थे की अंडरपास बन जाएगा पर आज तक नहीं बना अभी तक वह किसानों से मिलने के लिए दोबारा आए नहीं इसलिए




किसानों ने कहा है की अंडर पास नहीं बनेगा तो हम लोग रिंग रोड फेज2 का काम रोक देंगे चक्का जाम करेंगे भूख हड़ताल करेंगे आत्मदाह करेंगे और जो किसानों की बात करेगा वही लखनऊ में राज करेगा उक्त कैंडल मार्च में बृजेश कुमार पटेल (अंतर्राष्ट्रीय कोच ) लक्ष्मी नारायण पटेल श्याम जी पटेल राकेश , रामकिशुन, अजय मौर्या , प्रमोद पटेल, रमेश पटेल ,बबलू प्रेमलता पटेल , निर्मला पटेल, अहिल्या पटेल, उर्मिला पटेल , सरिता पटेल, पूजा पटेल ,संगीता पटेल, गीता पटेल ,कुसुम देवी जड़ा वती देवी इत्यादि लोग कैंडल मार्च में रहे।

## शिर्डीमय हुआ काशी विश्वनाथ की नगरी धूम-धाम से निकली साई बाबा की पालकी शोभा यात्रा उमड़ा भक्तो का जनसैलाब बेनीपुर साई बाबा मन्दिर का त्रिदिवसीय 16 वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बेनीपुर स्थित शिव साई मन्दिर मे स्थापना दिवस समारोह के शुभ अवसर पर राजाधिराज साई नाथ महाराज की जय के जयकारो के साथ भक्तो का जन सैलाब उमड़ा । उक्त अवसर पर काकड़ आरती किया गया तत्पश्चात मंगला स्नान किया गया और सुबह 9:30 बजे साई नाथ की पालकी प्रातः 5 बजे पूजन विधि विधान से किया गया तत्पश्चात पालकी शोभायात्रा का शुभारम्भ मंदिर के महथ शिव प्रकाश पाठक के द्वारा किया गया पारम्परिक रूप से वस्त्रो से सजे 4 चोबदार एंव महन्त जी द्वारा नारियल फोड़कर शुरू हुई शोभायात्रा ` साई बाबा पालकी मे नर-नारी, बच्चे, बुढे हाथो में केसरिया ध्वज माथे पर बाबा नाम की पटटी और मुंह से जयकारा करते,भर दे मेरी झोली साई बाबा तेरे दर पे नही कोइ खाली, सबका मलिक एक के जयकारा के साथ साई बाबा पालकी में सवार होकर भक्तो के कन्धो पर निकले बाबा के पलकी को कन्धो पर उठाकर भक्त धन्य धन्य महसूस कर रहे थे। शिव साई मन्दिर के स्थापना दिवस समारोह मे भक्त नाचते गाते झूमते हुए पैदल ही चल रहे थे। काशी में भक्तो को दर्शन देने शिर्डी की ही भांती निकली यह दिव्य शोभा यात्रा बेनीपुर से स्थानीय क्षेत्र से होते हुए पुनः साई मन्दिर बेनीपुर पहुंची। पुरे रास्ते में जगह जगह बाबा के पालकी की आरती उतारी गयी और प्रसाद वितरण भी किया गया। पालकी मे चलने वाले समस्त भक्तो के लिए जलपान की भी व्यवस्था थी और ओम साई नमो नमः श्री साई नमो नमः जय जय साई नमो नमः सदगुरू साई नमो नमः की गूज भी होती रही दोपहर 1:30 बजे महाआरती का आगाज शिव साई मन्दिर के महन्त श्री शिव प्रकाश पाठक ने किया तो लगा कि मानो काशी की धरती पर शिरडी उतर आयी हो । शिरडी की भांती पुरी आरती संस्कृत और मराठी मे मूल रूप से हुई और तत्पश्चात महाभण्डारा का शुरूआत हुआ जो देर रात भक्तो के आने तक चलता रहा इस अवसर पर सांयकाल आरती के पश्चात भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे स्थानीय मुख्य गायक कलाकार श्री पुनीत कृष्ण जेटली पागल बाबा जी उपस्थित थे` उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से मन्दिर के अध्यक्ष श्रीमति गीता द्विवेदी, श्री राजकुमार सिंह, मनोज सिंह, शिशिर सिंह, राकेश दत्त मिश्रा, महेश गुलाठी, राम जायसवाल, मंजित गुप्ता, विशाल पाठक, प्रशांत पाठक, रामजनम त्रिपाठी एवं समस्त कार्यकर्ता एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## उच्च न्यायालय का आदेश सरकार जल्द गठित करे प्रेस मान्यता समिति

प्रखर भदोही। इलाहबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक अहम फैसले में सरकार को उत्तर प्रदेश प्रेस मान्यता समिति का गठन करने का आदेश दिया है। इस मामले में ऑल इंडिया प्रेस रिपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार आचार्य श्रीकांत शास्त्री ने अदालत में याचिका दाखिल किया था। उच्च न्यायालय में याची ने अपने अधिवक्ता के जरिए मजबूत दलील देते हुए कहा था कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश प्रेस मान्यता समिति के गठन में हो रही देरी के कारण पत्रकारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। संस्थान की तरफ से प्रदेश के पत्रकारों के हित की अनदेखी की जा रही है। शासन प्रशासन द्वारा बनी समितियां तय समय पर गठित होनी चाहिए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 16 जून , 2020 को एक पत्र जारी कर उ.प्र. प्रेस मान्यता समिति के गठन के लिए प्रदेश के पत्रकार संगठनों से सदस्यता के लिए आवेदन मांगा गया था। जिसमें आवेदन की अंतिम तिथि छह जुलाई , 2020 निर्धारित की गई थी। अन्य संगठनों के साथ 'ऑल इंडिया प्रेस रिपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन' ने भी अपना दावा प्रस्तुत किया था। लेकिन इसके बाद भी समितियों का गठन नहीं किया



गया। उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संतोष कुमार त्रिपाठी ने बहस की, जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता तथा न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने याचिका को इस आदेश के साथ निस्तारित करते हुए आदेश दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि चुनावी आचार संहिता खत्म होने एवं नई सरकार के गठन के उपरांत उत्तर प्रदेश प्रेस मान्यता समिति का गठन सुनिश्चित किया जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### 84 घाटों को स्वच्छ रखने के संकल्प से चला स्वच्छता अभियान दशाश्वमेध घाट से मणिकर्णिका घाट तक

प्रखर वाराणसी। 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल,सृजन सामाजिक विकास न्यास तथा नगर निगम के संयुक्त तत्वधान में दशासुमेध घाट से लेकर मणिकर्णिका घाट तक काशी को प्रदुषण मुक्त स्वक्षता अभियान चला तथा मतदान जन जागरूकता अभियान चलाया गया।यह कार्यक्रम 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री उमाकांत ओझा उप कमांडेंट 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल थे तथा विशिष्ट अतिथि श्री राम शकल यादव नगर स्वास्थ्य अधिकारी थे।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अनिल सिंह ब्रांड एंबेसडर पर्यावरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने की श्री अनिल कुमार सिंह ने सभी को जल संरक्षण स्वच्छता अभियान मां गंगे को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई, साथ साथ स्वस्थ मानसिकता से मतदान करने की भी शपथ दिलाई इस कार्यक्रम में नगर निगम के सफाई निरीक्षक प्रदीप वर्मा साथ मे स्वच्छता कर्मी भी बढ़ चढ़ कर भाग लिए।इस कार्यक्रम में 95 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल के अधिकारी व उप निरीक्षक जवाहर राम तथा सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह व जवानों के साथ प्रवीण सिंह तथा सृजन समाज विकास न्यास के आनंद सिंह, बिन्दु सिंह, रूपेश, अरविंद आदि लोग उपस्थित रहे।

### उत्तर रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र में वृक्षारोपण कर मनाया गया आल इंडिया गार्ड्स कॉउन्सिल का स्थापना दिवस



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। आल इंडिया गार्ड्स कॉउन्सिल का स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर वाराणसी शाखा, लखनऊ मण्डल द्वारा उत्तर रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र में वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम के समापन पर मिष्टान्न वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक एवं समस्त मेडिकल स्टाफ के साथ साथ आल इंडिया गार्ड्स कॉउंसिल ,सतना के शाखा सचिव श्री मनोज कुमार जी ,वाराणसी शाखा के शाखा सचिव श्री राम अजोर यादव जी, श्री पंकज श्रीवास्तव , श्री बी बी सिंह, ऋषि कपूर , ज्ञान प्रकाश राय , अंकित उपाध्याय , नवनीत प्रभाकर , अमित कुमार, विवेक तिवारी , जयदीप कुशवाहा , नीरज कुमार , जितेंद्र सिंह , मोहम्मद यासिर , अफजल खान , जितेंद्र चौहान , घनश्याम यादव, श्री आर के पाल , धनंजय मिश्रा ,श्री राकेश कुमार , श्री आदर्श आनंद जी, श्री सुनील यादव जी तथा अन्य ट्रेन मैनेजर साथी उपस्थित रहे इस उपलक्ष्य में उत्तर रेलवे हेल्थ यूनिट में वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### जानबूझकर कर साजिश के तहत पार्टी प्रत्याशियों का पर्चा कराया खारिज: जाहिद सिद्दीकी



प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। विश्वशांति पार्टी के जिले के शाहगंज, जौनपुर और मल्हनी में पार्टी प्रत्याशियों की पर्चा खारिज होने पर पार्टी संस्थापक जाहिद सिद्दीकी ने प्रेस वार्ता कर गम्भीर आरोप लगाए। कहा कि विपक्षी पार्टियों की साजिश से प्रशासन ने उनके पार्टी का पर्चा खारिज कराया।पूरे सूबे में मेरी पार्टी का जनाधार बढ़ा है,74 जिलों में बहुजन पार्टी से मिलकर चुनाव लड़ रहे है। वे गुरैनी में पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।उन्होंने कहा कि विरोधियों के साजिश के चलते पार्टी शिकार हुई है,विश्वशांति पार्टी को दबाने की कोशिश की जा रही है। सत्तारूढ़ दल बीजेपी से मुकाबला करने के लिए विपक्षी पार्टियों का साहस नही है,वे क्षेत्रीय दलों को टॉरगेट कर रही है।ये पूछे जाने पर आप जिले में किस पार्टियों को समर्थन करेंगे जिसके जवाब में श्री सिद्दीकी ने कहा कि कोर कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष तय करेंगे। वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबिका प्रसाद सोनकर, कोषाध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह, एसपी यादव राष्ट्रीय प्रवक्ता, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव एहतेशाम सिद्दीकी, जीबी राठौर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### तोहरे जिनगी के बिटिया अधार बाबूजी गीत के द्वारा जुगनू ने बांधी समा

प्रखर गाजीपुर। आजकल हर तरफ लोगों को जागरूक किया जा रहा है की बेटे ही सब कुछ नहीं बेटियां भी बहुत कुछ कर सकती हैं। आए दिन बेटियों को छोटा न समझा जाए इसके लिए प्रधानमंत्री जी के द्वारा भी अनेकानेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। ऐसे में जुगनू यादव कक्षा 12 बी2 की छात्रा ने अपने भावों को गीत के माध्यम से व्यक्त करते हुए कहा की "तोहरे जिनगी के बिटिया अधार बाबूजी। बेटा पाई नौकरी उजियार होई जाई,सपनों में याद नहीं अइहें बाबू माई। तब कइसे कटी ई बुढ़ापा के पहाड़ बाबूजी, तोहरे जिनगी के बिटिया अधार बाबूजी। लोगों की आंखे नम हो गई। उसके बाद उसने भावुक होते हुए कहा की अन्नदान गऊ दान लोगवा करेला,बिना कन्यादान नाहीं जिनगी तरेला। हाय रे कइलस जिनिगिया सरनाम बाबूजी। वहीं अंजली चौबे ने अपने भावों को व्यक्त करते हुए श्री राम की भक्तिमय प्रस्तुति दी।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं